■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in
(वर्ष-9 अंक-45
पृष्ठ 8 मूल्य 2/ रुपया

सोमवार 09 दिसंबर , 2024



जार्ज फर्नांडीस बने मुंबई के सीएम

डोली यात्रा से जगन्नाथ स्वामी दाऊ संग मां सुभद्रा नगर भ्रमण पर निकले 8

संसद में सीट बदली तो राहुल गांधी पर भड़के अखिलेश, इंडिया में बढ़ी तनातनी 6



# किसानों पर दागे गए आंसू गैस के गोले

### शंभू बॉर्डर पर किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच तीखी बहस,रुका मार्च

**पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर रविवार को किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच तीखी बहस के बाद झड़प देखने को मिली। बता दें कि किसानों ने रविवार को 12 बजे दिल्ली की ओर कूच करना शुरू किया। लेकिन सीमा पर मौजूद सुरक्षाबलों ने उन्हें आगे जाने की अनुमति नहीं दी। इस वजह से किसानों और पुलिसकर्मियों के बीच बहस हो गयी। पुलिस ने किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया, जिसकी वजह से माहौल और ज्यादा गरमा गया।**

किसानों के पास आगे बढ़ने की अनुमति नहीं

पुलिस का कहना है कि सभी किसानों के पास दिल्ली जाने की अनुमति नहीं है। पुलिस ने बताया कि उनके पास 101 किसानों के नाम की लिस्ट है। इस लिस्ट में जिन किसानों के नाम है, उन्हें ही दिल्ली जाने की अनुमति दी जाएगी। पुलिस का कहना है कि लिस्ट में जिन किसानों का नाम है, वो जत्थे का हिस्सा नहीं है। इसके अलावा पुलिस के अधिकारी ने यह भी बताया कि किसान उन्हें पहचान नहीं करने दे रहे हैं।

शंभू सीमा पर तैनात हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, %हम पहले उनकी (किसानों की) पहचान करेंगे और फिर उन्हें आगे जाने देंगे। हमारे पास 101 किसानों के नामों की सूची है, और वे लोग नहीं हैं। वे हमें अपनी पहचान नहीं करने दे रहे हैं। वे एक भीड़ के रूप में आगे बढ़ रहे हैं।

किसानों ने क्या कहा ?

पुलिस की टिप्पणी पर एक प्रदर्शनकारी किसान ने कहा, उनके (पुलिस) पास जो सूची है, वह गलत है – सूची में यहां आने वाले किसानों का नाम नहीं है। हमने उनसे (पुलिस से) कहा है कि हमें आगे बढ़ने दें और हम उन्हें अपना पहचान पत्र दिखाएंगे। पुलिस कह रही है कि हमारे (किसानों) पास आगे बढ़ने की अनुमति नहीं है, तो हमें अपनी पहचान क्यों साबित करनी है ? हम बातचीत के जरिए चीजों को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन किसी भी तरह हम आगे बढ़ेंगे। मैंने उनसे (पुलिस से) कहा कि वे हरियाणा चले जाएं क्योंकि यह पंजाब की जमीन है।

**किसान नेता की प्रतिक्रिया**

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा, %हमारे 101 किसानों और मजदूरों का जत्था पहुंच चुका है। हमने पहले ही सूची जारी कर दी है, अगर उन्होंने (पुलिस) तय किया है कि वे हमें आगे बढ़ने देने से पहले आईडी की जांच करेंगे, तो उन्हें हमें बताना चाहिए कि हम इसमें सहयोग करेंगे। हमने अनुशासन दिखाया है और आगे भी दिखाते रहेंगे। वे आज आंसू गैस का अधिक उपयोग कर रहे हैं, क्योंकि हवा का रुख हमारी ओर है। हम किसी भी तरह की कुर्बानी के लिए तैयार हैं। समाधान पीएम के पास है वे समस्याओं का निपटारा करें या हमें दिल्ली मार्च करने दें।

**क्या है पूरा माजरा ?**

बता दें, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते 101 किसानों का एक समूह दिल्ली की ओर कूच कर रहा है। इससे पहले किसानों के जत्थे ने शुक्रवार को दिल्ली कूच करने की कोशिश की थी, लेकिन कुछ मीटर आगे बढ़ने के बाद उन्हें

## किसानों का मार्च स्थगित, आज बैठक में होगी आगे की रणनीति पर चर्चा



किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने संवाददाताओं से कहा, %आज हमने जत्था वापस लेने का फैसला किया है। किसानों की आगे की रणनीति पर पंढेर ने कहा, कल दोनों मंचों की बैठक होगी और आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

शंभू बॉर्डर पर जुटे किसानों के जत्थे ने रविवार को दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। किसानों को रोकने के लिए सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस के गोले दागे, जिनकी वजह से कई किसान घायल हो गए। इसके बाद प्रदर्शनकारी किसानों ने अपने मार्च को स्थगित कर दिया।किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने संवाददाताओं से कहा, %आज हमने जत्था वापस लेने का फैसला किया है। पहले उन्होंने हम पर फूल बरसाए, जिनमें केमिकल थे। उसके बाद उन्होंने हम पर रबर की गोलियां चलाईं, केमिकल फेंके। उन्होंने आगे कहा, कई किसान घायल हुए हैं, उनमें से एक को चंडीगढ़ पीजीआई ले जाया गया है।

## रामा विवि के दीक्षांत समारोह में सीएम योगी ने बांटी उपाधियां, सीएम के हाथों पाकर खिले चेहरे

### ♦ सबसे बड़ी चुनौती है कि मनुष्य को मनुष्य बने रहना : योगी



कानपुर। रविवार को रामा विवि का तीसरा दीक्षांत समारोह का शुभारंभ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय शामिल हुए। सीएम योगी का हेलीकॉप्टर 10.44 बजे विश्वविद्यालय के हेलीपैड पर उतरा है।

उन्होंने कहा, अगर दुनिया के अंदर धर्मों को किसी ने समझा है तो भारतीय ऋषियों ने समझा है। उपासना तक सीमित नहीं रखा। किसी भी ऋषि ने ये नहीं कहा कि जो मैं कह रहा हूं वही सत्य है। आपकी मर्जी आप मेरी बात मानो या न मानो। देश और समाज के लिए जो अच्छा लगता हो उसका आचरण करके आगे बढ़ो। उन्होंने एक और समस्या पर ध्यान आकर्षण कराया कि कुछ समय से डिजिटल अरेस्ट की शिकायतों में तेजी आई है। डिजिटल युग में छात्रों को सोशल मीडिया के प्रयोग कर सरकार की योजनाओं से जुड़ कर प्रसारित कर लाभ कमाने का मौके के बारे भी अवगत कराया। संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वह आम जनमानस को जागरूक करें। एग्रीकल्चर में जिन एडिटिंग तक हम पहुंच चुके हैं। आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि मनुष्य को मनुष्य बने रहना है। इसलिए शिक्षण संस्थान को उनका सहयोग करना होगा। शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा, जो सफल छात्रों ने आज उपाधि प्राप्त की है। उसके लिए वह बधाई के पात्र हैं, लेकिन साथ में उनके शिक्षक और माता-पिता भी उतने ही बधाई के पात्र है, क्योंकि अप्रत्यक्ष रूप से उनका भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। जिनको उपाधि नहीं मिली है उनको निराश नहीं होना है। अब आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। अपने व्यक्तिगत लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़े और समाज का भी ध्यान रखें ताकि राष्ट्र के लिए आप कुछ अच्छा कार्य कर सकें।समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय शामिल होंगे। यह संस्थान अटल बिहारी बाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबद्ध होगी। नीट के माध्यम से 150 सीटों पर दाखिला होगा। अभी रामा ग्रुप के पास मेडिकल स्नातक और परास्नातक मिलाकर सर्वाधिक 800 सीटें हैं। अतिथियों ने 2023 और 2024 बैच के 1935 छात्र-छात्राओं को उपाधियां दी गईं। 51 छात्र-छात्राओं को पीएचडी की उपाधि से नवाजा। 84 छात्रों को स्वर्ण और 41 को रजत पदक दिए गए। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य और को फाउंडर-वाइस प्रेसीडेंट इंफोसिस ग्रुप सुधा मूर्ति को मानद उपाधि दी

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : विशेष मकोका अदालत ने आठ आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा



मुंबई की एक विशेष मकोका अदालत ने शनिवार को बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में आठ आरोपियों को 16 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को बांद्रा के निर्मल नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

मुंबई पुलिस ने इस मामले में अब तक 26 लोगों को गिरफ्तार किया है और उन सभी के खिलाफ 30 नवंबर को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की धाराएं लगाई गई थीं।कथित मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम सहित आठ आरोपियों को शनिवार को पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने पर विशेष मकोका अदालत के न्यायाधीश ए.एम. पाटिल के समक्ष पेश किया गया।अदालत ने सभी आठ आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शेष आरोपी पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। मामले में वांछित लोगों में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसका भाई अनमोल बिश्नोई शामिल हैं।

## उधमपुर में आपसी झगड़े में पुलिसकर्मी ने पहले सहकर्मी को एके-47 से मारी गोली, फिर खुद की आत्महत्या

जम्मू।उधमपुर के एसएसपी आमोद नागपुरे ने इस घटना पर कहा, %घटना सुबह 6.30 बजे हुई। वे सोपोर से तलवारा स्थित प्रशिक्षण केंद्र की ओर जा रहे थे। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, यह साबित हो गया है कि घटना में एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया गया था।

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में एक पुलिसकर्मी ने एके-47 राइफल से अपने सहकर्मी की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी और फिर खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि हेड कांस्टेबल ने किसी बात को लेकर झगड़ा हो जाने पर वाहन चालक पर गोली चला दी और फिर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि वाहन में यात्रा कर रहा चयन ग्रेड का एक कांस्टेबल सुरक्षित बच गया और उससे पूछताछ की जा रही है।

उधमपुर के एसएसपी आमोद नागपुरे ने इस घटना पर कहा, %घटना सुबह 6.30 बजे हुई। वे सोपोर से तलवारा स्थित प्रशिक्षण केंद्र की ओर जा रहे थे। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, यह साबित हो गया है कि घटना में एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया गया था। 2 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई है। तीसरा पुलिस कर्मी सुरक्षित है। उन्हें पोस्टमॉर्टम और अन्य प्रक्रियाओं के लिए जीएमसी उधमपुर ले जाया जाएगा।

धमपुर आमोद नागपुरे ने कहा, घटना सुबह 6.30 बजे हुई। वे सोपोर से तलवारा स्थित प्रशिक्षण केंद्र की ओर जा रहे थे। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, यह साबित हो गया है कि घटना में एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया गया था।

इससे पहले, पुलिस ने एक बयान में कहा, %आज तड़के करीब साढ़े छह बजे रहमबल पुलिस थाने को सूचना मिली कि सोपोर से विभाग के एक वाहन में एसटीसी तलवाड़ा जा रहे दो पुलिसकर्मी गोलियां लगने से घायल हो गए।

## विपक्ष ईवीएम के बारे में लोगों को गुमराह करना बंद करे, जनादेश स्वीकारे: एकनाथ शिंदे



मुंबई ।महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में लोगों को गुमराह करने और जनादेश को स्वीकार न करने का आरोप लगाया। शिंदे ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने 20 नवंबर को संपन्न विधानसभा चुनाव में अपने काम की वजह से जीत हासिल की है इसलिए विपक्षी महाविकास आघाडी(एमवीए) को जनादेश को स्वीकार करना चाहिए और विकास कार्यों में सरकार का समर्थन करना चाहिए।

महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए 20 नवंबर को मतदान हुआ था और 23 नवंबर को नतीजे आए थे। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के 'महायुति' गठबंधन ने 230 सीट पर जीत हासिल की थी जबकि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना(उबाठा) और शरद पवार नीत राकांपा(एसपी)के विपक्षी गठबंधन को केवल 46 सीट मिली थीं। विपक्षी दलों ने चुनाव में हार के लिए ईवीएम में अनियमितता का आरोप लगाया और मतपत्रों के इस्तेमाल की मांग की।

शिवसेना प्रमुख ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, जब आप जीतते हैं तो ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं होती लेकिन जब आप हारते हैं तो मशीन खराब हो जाती है। यह सही तरीका नहीं है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनादेश को स्वीकार करना चाहिए कि उन्हें निर्णायक रूप से पराजय मिला है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों ने विपक्ष को उसकी जगह दिखा दी और साबित कर दिया कि वे घर बैठने वालों को वोट नहीं देते। उन्होंने कहा, 卐लोकसभा चुनाव में महायुति को 2.48 करोड़ मत मिले, जो 43.55 प्रतिशत है। एमवीए को 2.5 करोड़ मत मिले, जो 43.71 प्रतिशत है। फिर भी विपक्ष को 31 सीट पर जीत हासिल हुई और महायुति को 17 सीट मिलीं। क्या हमें यह कहना चाहिए कि ईवीएम में गड़बड़ी हुई ?

शिंदे ने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के बारे में भ्रम पैदा करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

उन्होंने कहा, लोगों ने हमें हमारे काम के लिए जनादेश दिया है। विलाप करना बंद करें और हमारे द्वारा किए गए विकास कार्यों को स्वीकार करें। जनादेश को स्वीकार करें।

शिंदे ने कहा कि विपक्ष ने झारखंड विधानसभा चुनाव और नांदेड़ (महाराष्ट्र) तथा वायनाड (केरल) लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि महायुति को 49.30 प्रतिशत मत और 3.18 करोड़ वोट मिले जबकि

एमवीए को 2.35 करोड़ मत मिले। शिंदे ने कहा कि दोनों दलों के बीच एक करोड़ मतों का अंतर है। उन्होंने कहा कि कोई भी गलत काम नहीं होगा और किसी के साथ कोई अन्याय नहीं होगा।

## कोचिंग सेंटर में नाबालिग लड़कों का यौन शोषण करने के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कम आय वर्ग के बच्चों के लिए संचालित एक कोचिंग सेंटर के तीन लड़कों का कथित रूप से यौन शोषण करने के आरोप में 35 वर्षीय शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।अंबरनाथ पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक बालाजी पंधारे ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर लड़कों को मालिश करने के लिए मजबूर किया, उन्हें गलत तरीके से छुआ और उनके अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए।उन्होंने बताया कि यह दुर्व्यवहार का मामला तब सामने आया जब नौ से 15 वर्ष की आयु के लड़कों ने सितंबर में अपनी कक्षाएं छोड़ दीं और केंद्र में लौटने से इनकार कर दिया। आखिरकार, एक पीड़ित ने अपने परिवार को सारी बात बताई।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सैनिकों की वीरता की सराहना की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शनिवार को कहा कि सैनिकों की ''वीरता हमें प्रेरित करती है, उनका बलिदान हमें विनम्र बनाता है और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है।''

सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारत के सशस्त्र बलों के सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। यह 1949 से हर साल इस दिन मनाया जाता है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सलाम करने के लिए है।''

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''उनकी बहादुरी हमें प्रेरित करती है, उनका बलिदान हमें विनम्र बनाता है और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है। आइये हम सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में योगदान भी दें।

## सिलीगुड़ी बंगाल सफारी में बाघ के तीन शावकों की मौत



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी में बाघ के तीन शावकों की उस समय मौत हो गई जब उनकी मां ने उन्हें मुंह में रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते समय गलती से उनकी गर्दन पर काट लिया।प्राणी उद्यान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकार दी। पश्चिम बंगाल प्राणी उद्यान प्राधिकरण के सचिव सौरव चौधरी ने बताया कि बाघिन 'रिका' के पिछले सप्ताह जन्मे शावकों की श्वास नली में उस समय छेद हो जाने के कारण मौत हो गई जब बाघिन उन्हें अपने मुंह में रखकर एक स्थान से दूसरे स्थान लेकर जा रही थी।दो शावकों की मौत बृहस्पतिवार रात को हुई, जबकि शुक्रवार को एक और शावक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से बाघिन सदमे में प्रतीत हो रही है, जो उसके व्यवहार से स्पष्ट है। उन्होंने कहा, यह बाघिन द्वारा गले पर गलत जगह से पकड़ने के कारण शावकों की मौत होने का मामला है। हम भविष्य में और अधिक सावधानी बरतेंगे।

## संपादकीय

### अरावली की बलि

उस खबर ने हर संवेदनशील और जागरूक व्यक्ति को उद्वेलित किया है कि हरियाणा के नूंह के पास 22 अरब रुपये कीमत के पहाड़ को खनन माफिया चट कर गया। निस्संदेह, यह परेशान करने वाला घटनाक्रम नूंह जिले में राजस्थान सीमा पर स्थित पहाड़ से जुड़ा है, जो अरावली पर्वतमाला का हिस्सा है। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्र में दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम तंत्र की काहिली व सत्ताधीशों की गैरजिम्मेदारी से पनपा है। खनन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि उपमंडल फिरोजपुर झिरका के कुछ इलाकों में खनन माफिया ने इस कृत्य को अंजाम दिया। कैसी विडंबना है कि गैर कानूनी तरीके से धन अर्जित करने की दबंगों की लिप्सा हमारे पर्यावरण व लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करती। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम यह भी है कि अवैध खनन माफिया से टक्कर लेने वाले कई अधिकारियों को तबादले के रूप में खमियाजा भी भुगतना पड़ा है। नागरिक संगठनों की उदासीनता भी उन खनन माफियाओं का हौसला बढ़ाती है, जो सत्ता के गलियारों में खासा रसूख रखते हैं। निश्चित रूप से हमारे पारिस्थितिकीय तंत्र के संतुलन में निर्णायक भूमिका निभाने वाली इन पहाड़ियों को आज पुनर्जीवित करने की जरूरत है। पर्यावरण पुनर्स्थापना हेतु भूमिक्षरण और मरुस्थलीकरण से निबटने के लिये बाकायदा केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली में ग्यारह लाख मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हुए, इस चौदह सौ किलोमीटर लंबे और पांच किलोमीटर चौड़े हरित गलियारे को बनाने का लक्ष्य है कि अरावली पहाड़ियों की पारिस्थितिकीय जीवन शक्ति को फिर से बहाल किया जा सके। एक समय था कि ये पहाड़ियां जंगल, वन्य जीवों, जलचरों और प्राकृतिक जल निकासी के जरिये एक समृद्ध पारिस्थितिकीय तंत्र बनाती थी। इस दिशा में सत्ताधीशों की उदासीनता और नियामक संस्थाओं की लापरवाही से हरियाणा में यह स्थिति खासी शोचनीय है।यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि अरावली पर्वत शृंखला की तीस से अधिक पहाड़ियां पहले ही लुप्तप्राय हो चुकी हैं। खासकर हरियाणा के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, महेंद्रगढ़ और रेवाड़ी जिलों से लगते इलाकों में। निरंतर होते शहरों के विस्तार ने हरे-भरे परिदृश्यों को कंक्रीट के जंगलों में तब्दील कर दिया है। जिसके चलते पूरे इलाके का पारिस्थितिकीय संतुलन बाधित हुआ है। सदियों में विकसित हुई वन संपदा व जीव-जंतुओं के अधिवास अब विलुप्त होने के कगार पर हैं। निस्संदेह, इस कथित विकास की कीमत हमें लंबे समय तक चुकानी होगी। जिसके अंतर्गत स्वदेशी वृक्षों की अनेक महत्वपूर्ण किस्में व दुर्लभ वन्य जीवों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर जा पहुंची हैं। साथ ही अनेक महत्वपूर्ण भूजल पुनर्भरण क्षेत्र सूख गए हैं। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब की हरित पहल से प्रेरित होकर ही ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट को इस विनाशकारी अतिक्रमण को रोकने के लिये लाया गया

# रोगी की जांच-उपचार में कारगर एआई

एल्गोरिदम का सही काम न करना या इलाज की गलत दिशा बताना या फिर पारदर्शिता में कमी या सही व्याख्या न कर पाने वाली कमी और 'ब्लैक बॉक्स' स्थिति जैसी अन्य समस्याएं हैं। साथ ही, जीनोमिक जानकारी एकत्र करने में नैतिकता बरतना और एआई को आईटी तंत्र के साथ एकीकृत करना, चिकित्सक का विश्वास हासिल करना और सरकारी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने संबंधी चिंताएं हैं।

भारत में एआई उपयोग की अपार संभावनाएं हैं। पोषण, शिक्षा, बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षित जनशक्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं में घोर असमानताओं वाले परिदृश्य में यह एक वरदान हो सकती है। इसका उपयोग रोग प्रवृत्तियों और महामारी विशेष के वैज्ञानिक डेटा के आधार पर उसका महामारी रूप धरने की भविष्यवाणी करने के लिए किया जा सकता है।



एकीकृत प्रणाली में एआई कैंसर होने की संभावना के बारे में भी अनुमान दे सकती है। इसका उपयोग रोगी की हालत के हिसाब से उपयोगी दवा बताने के लिए हो सकता है। एआई समय-दक्ष विश्लेषण का उपयोग करते हुए प्रत्येक रोगी के लिए सटीक भविष्यवाणी भी कर सकती है।कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एक डिजिटल कंप्यूटर या रोबोट की वह क्षमता है जो आम तौर पर मनुष्यों के क्रियाकलाप से जुड़ी है, जैसे कि तर्क करना, सामान्यीकरण करने या पिछले अनुभव से सीखने की क्षमता। एआई विशाल मात्रा में डेटा को खंगालकर एल्गोरिदम लक्षणों की पहचान कर सकता है और अभूतपूर्व सटीकता और गति के साथ चिकित्सा परिणामों की भविष्यवाणी कर सकता है। यह चिकित्सकों की इलाज दक्षता को बेहतर बनाने और दुनिया में अत्यधिक दबाव के तले काम कर रही स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में रोगी को मिलने वाले परिणामों में सुधार कर पाएगा।


विश्व आर्थिक मंच की डिजिटल हेल्थकेयर परिवर्तन पहल ने हाल ही में स्वास्थ्य सेवा को दरपेश तीन सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियां – पुरानी बीमारियों का बढ़ता बोझ, दुनिया भर में रोगी के ठीक होने की असमान दर और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच एवं संसाधन की कमी से निपटने के संभावित तरीकों में एआई को बतौर एक विधा मान्यता दी है। इसके एक बार आकार लेने के बाद, भारत सरकार का राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन इस पहल के साथ जुड़ जाएगा।स्वास्थ्य सेवा में एआई का उपयोग औद्योगिक एआई से उपजा है, जिसकी उत्पत्ति 1950 के दशक में हुई थी। जॉन मैकार्थी ने 1956 में डार्टमाउथ सम्मेलन में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' शब्द गढ़ा था। वर्ष 1970 के दशक में पहला आर्टिफिशियल मेडिकल कंसल्टेंट इंटरनिस्ट-1 बनने के साथ, एआई काबिलियत वाला सर्वप्रथम चिकित्सा परामर्शदाता नमूना पेश किया गया था। इसने रोगियों के लक्षणों के आधार पर, सर्च एलोरिदम का उपयोग करके क्लिनिकल जांच का निष्कर्ष सुझाया। एआई का आधुनिक युग 2000 के दशक की शुरुआत में वॉयस रिकॉग्निशन फीचर के निर्माण के साथ शुरू हुआ, इसके बाद आईबीएम ने वॉटसन नामक एक प्रश्न-उत्तर प्रणाली और फिर 2020 में जीपीटी मॉडल लॉन्च किए। कंप्यूटिंग शक्ति में गुणात्मक सुधार, तेज़ डेटा संग्रहण एवं डेटा प्रोसेसिंग, जीनोमिक सिक्वेंसिंग डेटाबेस का विकास और इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) सिस्टम के व्यापक इस्तेमाल होने ने स्वास्थ्य सेवा में एआईके विकास में योगदान दिया।वर्तमान में, एआई में मशीन-लर्निंग, डीप-लर्निंग, नेचुरल लैंग्युएज प्रोसेस और कंप्यूटर विज़न जैसी तकनीक और लार्ज लैंग्युएज मॉडल (एलएलएम) जैसे एल्गोरिदम शामिल हैं जो नए कंटेंट को समझने, सारांश देने, नया कंटेंट बनाने और भविष्यवाणी करने के लिए विशाल डेटा का विश्लेषण कर सकते हैं। एआई का व्यापक रूप से परीक्षण किया गया है। एक्स-रे और फोटोग्राफी जैसी चिकित्सा इमेजिंग में इसके उपयोग की काफी संभावना और इसने मधुमेह रेटिनोपैथी, त्वचा कैंसर और फेफड़ों के तपेदिक जैसे लक्षणों की शिनाख्त करने में काफी बढ़िया कर दिखाया है। अल्ज़ाइमर रोग की भविष्यवाणी और निदान करने में सक्षम मशीन मॉडल पेश किया गया है। कैंसर की पहचान, जोखिम स्तर कब बनेगा, दवा की खोज करने और मॉलीकुलर कैरेक्टराइज़ेशन के लिए एआई उपयोगिता पर काम चल रहा है।

व्यावसायिक रूप से उपलब्ध एंडोस्कोप के उपयोग करते हुए एकीकृत प्रणाली में एआई बायोप्सी सैंपल लेने के लिए सबसे संभावित संदिग्ध बिंदु सुझा सकता है, यहां तक कि इसके कैंसर होने की संभावना के बारे में भी अनुमान दे सकती है। एआई का उपयोग रोगी की हालत के हिसाब से या सटीकता के साथ दवा बताने के लिए किया जा सकता है, यह समय-दक्ष विश्लेषण का उपयोग करते हुए प्रत्येक रोगी के लिए सटीक रूप से भविष्यवाणी कर सकता है, उसकी आनुवंशिकी, मॉलिक्यूरल और ट्यूमर-आधारित प्रवृत्ति को ध्यान में रखकर कौन-सी उपचार विधि सबसे उपयुक्त रहेगी, यह सुझा सकता है। टेलीमेडिसिन का उपयोग करके दूर-दराज इलाकों के मरीजों की ईसीजी रिपोर्ट, एक्स-रे या स्कैन का ऑनलाइन विश्लेषण करने के बाद इलाज संबंधी परामर्श दिया जाता है।एआई एल्गोरिदम मस्तिष्क आघात, इंट्राक्रैनील हैमरेज और पल्मनरी एम्बॉलिस्म जैसे लक्षणों की पहचान में उपयोगी सिद्ध हो रहा है। शरीर पर धारण किए जाने वाले उपकरण, स्मार्टफोन और इंटरनेट-आधारित तकनीकों का उपयोग रोगियों के हृदय संबंधी डेटा की निगरानी के लिए किया जा सकता है, जिससे हृदय संबंधी खतरे का समय रहते पता लगाने में मदद मिल सकती है।

वर्चुअल असिस्टेंट और वर्चुअल रियलिटी के उपयोग के साथ शिक्षण और प्रशिक्षण में एआई की भूमिका बढ़ रही है। रोग पहचान हेतु परीक्षण, दवा खोज और दवा-दवा के बीच सामंजस्यपूर्ण या फिर प्रतिकूल प्रभावों की भविष्यवाणी करने में एआई का उपयोग पहले से हो रहा है। एआई के कुछ आगामी अनुप्रयोगों में, गूगल की स्वास्थ्य एलएलएम सुविधा शामिल है, जो उपयोगकर्ताओं को उनकी नींद की अवधि, व्यायाम की तीव्रता और हृदय गति की परिवर्तनशीलता आदि के आधार पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य परामर्श संदेश देगा। अन्य विकास खोज क्रम में, आईबीएम का वाटसन ऑनकोलॉजी, गूगल का डीपमाइंड प्लेटफ़ॉर्म और माइक्रोसॉफ्ट का हैनोवर प्रोजेक्ट शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका में मेडसोल एआई सॉल्यूशंस नामक एक कंपनी ने स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए एक अत्याधुनिक, वाई-फाई-सक्षम अल्ट्रासाउंड जांच विकसित की है।हालांकि, स्वास्थ्य सेवा में जेनरेटिव एआई का उपयोग करने में एक बड़ी चिंता 'मानव स्पर्श' और सहानुभूति की अनुपस्थिति है। दूसरी बड़ी समस्या है विश्वसनीय डेटा की अनुपलब्धता। इसके प्रभावी उपयोग के लिए भारी मात्रा में डेटा की आवश्यकता होती है, जो कि विभिन्न जातीय समूहों और अल्पसंख्यकों या वे समुदाय जिन का प्रतिनिधित्व पर्याप्त नहीं है, उनके प्रति पूर्वाग्रहों के कारण विश्लेषण त्रुटिपूर्ण हो सकता है। वर्तमान में, अधिकांश एआई एल्गोरिदम श्वेत पुरुष के डेटा पर आधारित हैं। फिर, रोगी की गोपनीयता और डेटा बेचने को लेकर भी चिंता है।

# महिला कार्यबल विज़न 2047 में मील का पत्थर साबित होगा

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर भारत के विज़न 2047 की पूरी दुनिया में गूंज हो रही है जो हर क्षेत्र में विकसित भारत के लिए बनाए गए रोड मैप का एक संयुक्त पत्रक है, जिसका एक महत्वपूर्ण भाग महिलाओं के नेतृत्व को आगे बढ़ना भी है, जिसके लिए यह जरूरी है कि उनके लिए राजनीतिक सामाजिक कार्यपालिका सहित सभी क्षेत्रों में अपना टैलेंट दिखाने के लिए एक सुरक्षित संरक्षित माहौल बनाया जाए, ताकि उनके टैलेंट को पंख लगा सके परंतु ऐसा देखा गया है कि इन क्षेत्रों में महिलाओं का यौन उत्पीड़न होने की शिकायतें सामने आई तो सरकार ने इसको रेखांकित कर कार्य स्थलों पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (शिकायत निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 बनाया परंतु उसके क्रियान्वयन में देरी व लीकेजेस को रेखांकित कर 29 अगस्त 2024 को एक कार्यक्रम में शी-बॉक्स पोर्टल लॉन्च किया गया था, जिसमें महिलाओं की शिकायतें दर्ज कर निगरानी करने,व त्वरित कार्रवाई करने का एकीकृत प्लेटफार्म है, जिसपर सभी संबंधितों की नजर होगी, इसलिए पारदर्शिता से कार्रवाई शीघ्र होगी जो 90 दिन निर्धारित हैं। इस विषय पर आज हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि भारत में शुरू संसद के शीत सत्र 2024 में दिनांक 4 दिसंबर 2024 को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में महिला बाल विकास कल्याण राज्यमंत्री ने उसके उत्तर में सटीक बातें कही, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,शी-बॉक्स पोर्टल महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को सुरक्षित व संरक्षित बनाने व महिला कार्यबल मिशन 2047 में मील का पत्थर साबित होगा।



साथियों बात अगर हम शी-बॉक्स पोर्टल को जानने की करें तो, कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार की तरफ से ये महत्वपूर्ण कदम है।यह पोर्टल देश में आंतरिक समितियों और स्थानीय समितियों से संबंधित सूचनाओं के लिए एक स्टोरेज के रूप में काम करेगा, जिसमें गवर्नमेंट और प्राइवेट दोनों सेक्टर होंगे।यह पोर्टल महिलाओं को शिकायत दर्ज करने, उनकी स्थिति पर निगरानी रखने तथा यह सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि उनकी शिकायतों का समय पर निपटारा हो, इसके लिए शिकायतों की वास्तविक समय पर निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि महिला को न्याय मिल सके,. केंद्रीय मंत्री ने कहा, इस पहल से कार्यस्थल से संबंधित यौन उत्पीड़न की शिकायतों का समाधान करने के लिए पहले से अधिक कुशल और सुरक्षित मंच उपलब?ध कराया जा सकेगा,यह कदम देश में महिलाओं के लिए सुरक्षित और अधिक समावेशी कामकाज का वातावरण बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाता है।कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ कुकृत्य के बाद ही देश में आक्रोश का माहौल है,लोग इस घटना के बाद वर्क स्पेस पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे थे,ऐसे में सरकार वर्क स्पेस पर महिलाओं के काम करने और उनकी सुरक्षा को लेकर कई कदम उठा रही है।

साथियों बात अगर हम शी-बॉक्स पोर्टल की विधि को जानने की करें तो, (1)विजिट वेबसाइट- सबसे पहले नोटिफिकेशन में दी गई वेबसाइट पर जाएं।(2) रजिस्टर कंप्लेंट- होम पेज पर रेड कलर में रजिस्टर योर कंप्लेंट का ऑप्शन मिलेगा। इस पर टैप करने के बाद आप कंप्लेंट रजिस्टर्ड पेज पर पहुंच जाएंगे।(3)कंप्लेंट रजिस्ट्रेशन पेज पर प्रक्रिया शुरू करने के लिए रजिस्टर कंप्लेंट करें पर टैप करें।(4)यहां दो ऑप्शन होंगे- सेंट्रल गवर्मेंट ऑफिस और स्टेट गवर्मेंट ऑफिस, आपको सेंट्रल गवर्मेंट ऑफिस पर टैप करना है। (5) पर्सनल डिटेल- अब आपके सामने पर्सनल डिटेल फिल करने का ऑप्शन आएगा। इसमें नाम, कॉन्टैक्ट डिटेल और इम्प्लॉयमेंट स्टेट्स, इंसीडेंट डिटेल और एविडेंस जैसी चीजें शामिल हैं। (6) रिव्यू एंड सबमिट- एक बार ये सारी चीजें फिल करने के बाद रिव्यू एंड सबमिट का ऑप्शन आएगा। जिस पर टैप कर दें।अब शी-बॉक्स पोर्टल के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा होगी। सरकारी और निजी संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मी कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न सहित अन्य तरह की ज्यादती होने पर इसकी ऑनलाइन शिकायत शी-बॉक्स पोर्टल पर जाकर दर्ज करा सकती हैं। संबंधित विभाग इस पर त्वरित पहल करते हुए संबंधित संस्थान या व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई करेगा। जिला स्तरपर इसका नोडल पदाधिकारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को बनाया गया है, जो स्थानीय स्तरपर शिकायतों का निवारण एवं आवेदन प्राप्त कर उचित कार्रवाई करेंगे। कोई भी महिला बाल विकास मंत्रालय के वेब पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद उस शिकायत को सीधे संबंधित नियोक्ता के आईसीसी/एलसीसी को भेज दिया जाएगा। इस पोर्टल के जरिए न केवल मंत्रालय, बल्कि शिकायतकर्ता भी जांच की प्रगति की निगरानी कर सकेंगी। इस पोर्टल के बारे में महिलाओं को अवगत कराने के लिए जिला प्रशासन इसका प्रचार-प्रसार करेगा।

साथियों बात अगर हम पोर्टल के उद्देश्यों को जानने की करें तो,भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 की ओर बढ़ रहा है, सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर महत्वपूर्ण जोर दिया है। समावेशी आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए सरकार ने एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है जो महिलाओं को कार्यबल में सफल होने में सक्षम बनाता है। इस प्रयास की आधारशिला है, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013, जिसका उद्देश्य महिलाओं को यौन उत्पीड़न से बचाना और उनकी शिकायतों का समाधान करना है। हाल ही में लॉन्च किया गया शी-बॉक्स पोर्टल इस अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सुनिश्चित करता है कि शिकायतें न केवल दर्ज की जाएं बल्कि सक्रिय रूप से उनकी निगरानी भी की जाए, जिससे कार्यस्थल पर उत्पीड़न से निपटने के लिए एक मजबूत ढांचा उपलब्ध हो।

साथियों बात अगर हम 4 दिसंबर 2024 को लोकसभा में शी-बॉक्स पोर्टल संबंधी प्रश्न के लिखित उत्तर की करें तो, शी- बॉक्स पोर्टल मंत्रालय की एक पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में विभिन्न कार्यस्थलों पर गठित आंतरिक समितियों (आईसी) और स्थानीयसमितियों (एलसी) से संबंधित सूचनाओं का सार्वजनिक रूप से उपलब्ध केंद्रीकृत संग्रह उपलब्ध कराना है,चाहे वे सरकारी होंया निजी क्षेत्र के और साथ ही एक संपूर्ण एकीकृत शिकायत निगरानी प्रणाली भीइसमें प्रत्येक कार्यस्थल के लिए एक नोडल अधिकारी को नामित करने का प्रावधान है,जिसे शिकायतों की वास्तविक समय निगरानी के लिए नियमिआधार पर डेटा/जानकारी का अद्यतन सुनिश्चित करना होता है शी- बॉक्स पोर्टल पर दर्जकी गई कोई भी

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। ऑक्सफोर्ड मॉडल कान्वेंट टीपी नगर ने अपना वार्षिकोत्सव समन्वय 2024 खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्व॰ रतनलाल शर्मा स्मारक स्टेडियम किदवई नगर में आयोजित किया गया। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक महेश त्रिवेदी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यार्थियों ने मार्च फास्ट और राष्ट्रगान से शुरुआत करते हुए गणेश वंदना, ड्रिल डांस, टग आफ वार, योगा, कबड्डी, खो-खो, पिरामिड और विभिन्न प्रकार की रेस आदि प्रस्तुत कर बच्चों ने खेलकूद के प्रति अपने समर्पण का एक मनमोहक दृश्य प्रस्तुत किया। छात्र एवं छात्राओं ने बड़े ही जोश के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। 200 मीटर रेस में प्रथम अरकाम खान, द्वितीय अविरल वर्मा एवं तृतीय अभिषेक चौरसिया ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया 7 कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के बाद स्थान पाए बच्चों को अतिथि अरुण कुमार एस (आई.पी.एस) के द्वारा पुरुस्कृत किया गया। अतिथि के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के प्रबंधक सुरेंद्र नाथ शर्मा के द्वारा अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। मंच का संचालन मोनिका एवं गरिमा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रतिभा शर्मा, विमला शर्मा, अनमोल शर्मा, आलोक शर्मा, भावना शर्मा, आशीष शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा, प्रधानाचार्या अंकुर निगम आदि लोग मौजूद रहे।

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

# सदन में अब नोटों के सीट पर बैठते है नेता

यह सब मात्र संयोग नहीं है, न ही एक दिन का प्रयोग है जो आज लाखों का वेतन लेने वाले आराम से कुर्सियां तोड़ रहें और पांच हजार महीना वाले उनकी जगह खट रहें, जी तोड़ मेहनत कर रहे और दिहाड़ी के हिसाब से भी 100 रूपये दिन के हिसाब से 8 घंटे मेहनत कर रहें जो जीवन जीने के लिए नाकाफी है ।यह वित्त आयोग की वर्षों की अथक मेहनत, लगातार प्रयास और बिना विचलित हुए अपनी विचारधारा पर डटे रहने का परिणाम है कि कई वित्त आयोग लागू कर लगातार उनका वेतन बढ़ा रहा जो काम ही नहीं करते जबकि प्राइवेट शिक्षकों, मजदूरों, और कर्मचारियों की कोई सुनवाई नहीं ना उनके लिए



**पंकज सीबी मिश्रा,**
**राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार**
**जौनपुर यूपी**

कोर्ट के आदेश में या सरकार के एजेंडे में कोई व्यवस्था ! अब से 75 साल पहले जो गरीब खुद को अमीर बनाने के लिए छोटी सी राजनीति का बीज बोए थे वह अब विशाल वृक्ष बन चुका है। अब इसकी जलकुंभी और इसकी जड़ें समाज के हर हिस्से में समान रूप से फैल चुकी हैं। इस खतरनाक वृक्ष को उखाड़ना अब किसी के लिए भी संभव नहीं है क्योंकि अब इसकी सभी शाखाएं भ्रष्टाचार के तने का रूप ले चुकी हैं। नोटों की ढेर पर बैठा नेता अब यह एक ऐसा रावण है जिसके पास आरक्षण के दस सिर हैं, एससी – एसटी एक्ट की सौ भुजाएं है, लेकिन इसे ख़त्म करने की कोई नाभि नहीं है ।मोदी जी के 12 साल के शासन की सबसे बड़ी सफलता यही है कि अब अभिषेक मनु सिंघवी जैसे धनाढय लोग संसद को भी नोट की चमक से चमकदार कर रहें। आपको बता दें कि विगत दिनों संसद सत्र के दौरान सीट नंबर 222 से पांच सौ रूपये की सौ नोटों वाली गड्डी मिली जिसपर किसी नें दावा नहीं किया जबकि जिस सीट से मिली वह कांग्रेस के सांसद और विवादित वकील अभिषेक मनु सिंघवी की सीट थी तो अब इससे अच्छे दिन और क्या देखें जनता ! एक ऐसे समाज का निर्माण हो चुका है जो अब नोटों से भरा हुआ है। अब उसे किसी नेतृत्व या मोटिवेशन की जरूरत नहीं है। गरीबों के प्रति जो नफरत लोगों में पहले किसी कोने में दबी रहती थी अब वो खुल कर सामने हैं। अब उनको सार्वजनिक रूप से इस नफरत के इजहार पर संकोच नहीं कर रहें । अब लोग इस नोट प्रदर्शन के सहारे निजी स्वार्थ साधने से लेकर राजनीतिक लक्ष्य प्राप्त करने में जोर शोर से लगे हुए हैं। जनता के प्रति यह नफरत समाज के सभी वर्गों और स्तरों पर समान रूप से पाई जाने लगी है। पुलिस, प्रशासन, न्यायपालिका, मीडिया, लेखक, कलाकार, खिलाड़ी, भूतपूर्व सैनिक, छात्र, गृहणी, व्यापारी, सरकारी अफसर और कर्मचारी, वकील आदि सभी लोग इस नोट प्रेम का इजहार करने में बढ़चढ़ कर आगे रहे हैं। कहीं कोई गुरेज या संकोच नहीं है क्योंकि उनको इस बात का अब पूर्ण विश्वास हो चुका है कि नोट के रहते न तो कानून उनका कुछ बिगाड़ सकता है और न ही पुलिस प्रशासन उनके खिलाफ कोई एक्शन लेगा। उन्हें पता है सत्ता और सरकार उनके साथ है और समाज में अब कहीं कोई उनका विरोध करने की स्थिति में नहीं है। इसके उलट इस कृत्य पर उन्हें मीडिया, सेलिब्रेटी, राजनीतिज्ञों, सामाजिक संगठनों का व्यापक समर्थन भी मिलेगा। इसी का नतीजा है कि एक दशक पहले गरीबी के इजहार का जो काम चंद झुग्गीयों के माध्यम से किया जाता था वह अब सार्वजनिक स्तर पर होने लगा है। चाहे वोह ट्रेन में किसी टोपी बेचने वाले बुजुर्ग से अभद्रता हो या बहराइच में गोली मार कर सवर्ण युवक की हत्या। ताजमहल में जल चढ़ाने की कोशिश हो या किसी घर पर चढ़ कर भगवा लहराने का बेमतलब भरा काम। मनोज

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# दवाओं की 1000 राम किट बांट जागरुकता अभियान का शुभारंभ



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सर्दियों की शुरुआत मे बढ़ती हुई हार्ट अटैक संबंधी समस्याओ के दृष्टिकोण से भारत माता प्रतिमा स्थल घंटाघर पर हार्ट अटैक की आहट होने पर हार्ट अटैक से बचने के लिए तीन दवाओ की 1000 राम किट बांट कर इस जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया।

आज भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व मे इस सर्दी आप भी रखे ये तीन दवाएं के नारे के साथ सर्दियों की शुरुआत मे बढ़ती हुई हार्ट अटैक संबंधी समस्याओ के दृष्टिकोण से भारत माता प्रतिमा स्थल घंटाघर पर हार्ट अटैक की आहट होने पर हार्ट अटैक से बचने के लिए तीन दवाओ की 1000 राम किट बांट कर इस अभियान का शुभारम्भ किया गया। बताया गया कि ये अभियान पूरी सर्दी मे कुछ अंतराल मे कानपुर की सभी प्रमुख बाज़ारो मे चलाया जायेगा। भारत माता प्रतिमा स्थल घंटाघर पर कानपुर व शहर के बाहर के आम नागरिकों को तीनो दवाओं के बारे मे जागरूक करते हुए 1000 राम किट की दवाओं का मुफ्त वितरण किया गया और साथ मे फल का वितरण भी किया गया। इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने बताया कि अभी सर्दी की शुरुआत मे ही हमारे परिवार मे व व्यापारियों का घर पर ही अचानक हार्ट अटैक हो गया जिससे उनका आकस्मिक देहांत हो गया और इस तरह की कई दु:खद घटनाये हुई है इसलिए महानगर मे आम लोगो व व्यापारियों को जागरूक करने के लिए कानपुर की बाज़ारो मे हार्ट अटैक से रोकने की दवा राम किट का मुफ्त वितरण नियमित अंतराल मे जारी रहेगा।

इस आयोजन मे प्रमुख रूप से संगठन के महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह, कार्यक्रम संयोजक रज्जन जायसवाल, प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता, महानगर महामंत्री महेश सोनी, युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलशन आंनद, नवीन डरोलिया, अब्दुल वहीद, जीतेन्द्र सिंह, सुरेश सिंघवानी, संजय सिंह भदौरिया व आनंद शुक्ला, युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी व युवा महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, महानगर उपाध्यक्ष अनुराग साहू, के के गुप्ता, विक्की मूरजानी, आनंद ओमर, व भूपिंदर सिंह राजा, युवा संगठन महामंत्री अरविन्द गुप्ता, ज्ञानू अवस्थी, अखिलेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, रवि गुप्ता, हर्ष तिवारी, सुरेंद्र जायसवाल, सलीम खान, अनिल अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# केडीए ने वैध आवंटियों को भवन पर कब्जा दिलाया व कई स्थानों पर ध्वस्तीकरण अभियान चलाया



बीपीएस न्यूज

कानपुर। उपाध्यक्ष महोदय श्री मदन सिंह गर्ब्याल, कानपुर विकास प्राधिकरण एवं सचिव महोदय श्री अभय कुमार पाण्डेय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में प्रवर्तन (जोन-2) के विशेष कार्याधिकारी/उपजिलाधिकारी डा0 रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में सहायक अभियन्ता श्री अमनदीप तिवारी, अवर अभियंता श्री सी0बी0 पाण्डेय तथा समस्त सुपरवाइजरों व पर्याप्त सुरक्षा बल के साथ आज निम्न परिसर पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी, जिसका विवरण निम्नवत् है-

1. भूखण्ड संख्या-671 ई0डब्लू0एस0 शताब्दी नगर फेस-3, पनकी कानपुर प्राधिकरण के भूखण्ड पर श्रीमती रिंकी गुप्ता द्वारा अवैध रूप से कराये गये निर्माण को जे0सी0बी0 के माध्यम से ध्वस्त किया गया।

ऽ उपरोक्त के अतिरिक्त विशेष कार्याधिकारी/उपजिलाधिकारी डा0 रवि प्रताप सिंह द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि प्राधिकरण द्वारा आवंटित भवनों पर कई वर्षो से अनाधिकृत/अवैध व्यक्तियों द्वारा किये गये कब्जे को हटा कर प्राधिकरण के मूल आवंटियों को भवन का कब्जा हस्तगत कराया गया, जिसका विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र0सं0 भवन का विवरण मूल आवंटी जिनको कब्जा प्राप्त कराया गया।

1. वी-96 वैम्बे सेक्टर-14, कानपुर श्री केसर
2. वी-27 वैम्बे रतनपुर विस्तार पनकी, कानपुर श्री सुरेश चन्द्र तिवारी
3. वी-76 वैम्बे रतनपुर विस्तार पनकी, कानपुर श्रीमती कुसुमा
4. वी-206 वैम्बे रतनपुर विस्तार पनकी, कानपुर श्रीमती मुन्नी देवी
5. वी-46 वैम्बे रतनपुर विस्तार पनकी, कानपुर श्रीमती सन्तोषी देवी

ऽ साथ ही आम जनमानस से यह भी अपील की जाती है कि अवैध कब्जा/अतिक्रमण न करें, अन्यथा विधिक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

# विश्व दिव्यांग दिवस का हुआ आयोजन, कृत्रिम अंगों की लगाई गई प्रदर्शनी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर लाला लाजपत राय चिकित्सालय के ऑर्थो सभागार में एक जागरूकता एवम प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप प्राचार्या डॉ रिचा गिरी, प्रमुख अधीक्षक डॉ आर के सिंह, ऑर्थो विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार, मुख्य अतिथि एलिम्को के सेल्स डायरेक्टर अनुपम प्रकाश, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ चंदन कुमार का संकाय सदस्यों ने पुष्प गुच्छ दे कर स्वागत किया।

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर उप प्राचार्य डॉ रिचा गिरी ने उपस्थित लोगों को सम्बांधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगजनो के लिए चलाए जा रही लाभकारी योजनाओं एवं कृत्रिम अंगों को लाभार्थी तक पहुंचाने का कार्य एलिमको द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार के कार्यो की सराहना करते हुए कहा उनके द्वारा मरीज के लिए उपलब्ध सारी सुविधाएं उन्हें पूर्ण रूप से दे रहे हैं साथ ही निराश्रित और बेसहारा लोगो की मदद के लिए भी प्रयासरत रहते चले आ रहे है। इसी क्रम में प्रमुख अधीक्षक डॉ आर के सिंह ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री दिव्यांग जनों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं को संचालित कर रहे हैं जिसका लाभ पात्र लाभार्थी को दिया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से सहयोगकर्ता एलिमको है। जिन्होंने दिव्यांगजनो के लिए कृत्रिम अंगो को बना कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। डॉ आर.के. सिंह ने बताया कि दिव्यांगता कई प्रकार की होती है जिसमें मस्तिष्क से लेकर आंख यहां तक की बोलना, सुनना, हाथ, पैर से अपंग होना शामिल है। उन्होंने डॉक्टर संजय कुमार के अथक प्रयासों और मरीजों के हितों के कार्यों की सराहना की। इसी क्रम में एल्मिको के सेल्स डायरेक्टर अनुपम प्रकाश ने अपने उद्धबोधन में कहा कि जो भी दिव्ययांग है उनके पास विशेष अंग है उनको समाज के विकास की मुख्य धारा में कैसे जोडे हम इस पर गहन रूप से विचार कर रहे है ताकि उनका मुख्य धारा में लाया जा सके। उन्होंने बताया कि एल्मिको 8 प्रकार के अंग को बनाने का कार्य करता है जिसका लाभ ऐसे दिव्यांग लोगो को मिलता है जिसकी उनको बहुत ही आवश्यकता है। हम सभी निरंतर प्रयासरत है कि दिव्यांगो को हर प्रकार से लाभ मिले और इसके लिए भारत सरकार व प्रदेश सरकार भी काफी प्रयासरत है। इस दौरान वरि0 डॉ चन्दन कुमार व एल्मिको के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगो के कृत्रिम अंगो की प्रदर्शनी भी रखी।

# गंगा टास्क फोर्स ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भारतीय सेना की 137 सी ई टी एफ बटालियन टी ए 39 गोरखा राइफल गंगा टास्क फोर्स ने सुरेन्द्र नाथ सेन बालिका इंटर कॉलेज कानपुर नगर मे गंगा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सविता यादव प्रधानाचार्य, सुरेंद्र नाथ सेन बालिका इंटर कॉलेज उपस्थित रहीष गंगा टास्क फोर्स के कमान अधिकारी कर्नल अरविंद प्रसाद एस और कानपुर स्थित कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अनूप कुमार ओझा के दिशा निर्देश पर विगत 6 सालों से गंगा स्वच्छता अभियान, पौधा रोपण, घाटों की गश्त, जागरूकता अभियान निरंतर कर रही है। इस अवसर पर गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार ललित मोहन ने कॉलेज परिसर में उपस्थित छात्राओं और 17 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स को गंगा स्वच्छता के लिए जागरूक किया और बताया कि गंगा नदी को साफ रखने की लिए हमें कई बातों का ध्यान रखना होगा, घाटों पर पूजा करते समय पूजा सामग्री को गंगा में न डाले, प्लास्टिक और केमिकल से बनी कोई भी वस्तु गंगा नदी में न डाले तथा साथ ही सभी छात्राओं को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और पौधे वितरित किए गए।

# नहर में मिले बैग से 12 बोर बंदूक के पार्ट और कारतूस-मछली का शिकार करने वाले बच्चों को बैग में मिले हथियार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिठूर स्थित एक गांव में चौंकाने वाली घटना हुई। एक नहर में मछली का शिकार करने गए बच्चों को नहर में एक बैग मिला। जिसमें उन्हें 12 बोर की बंदूक के हिस्से और लगभग 12 कारतूस व खोखा मिले हैं।

ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बिठूर इंस्पेक्टर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और असलहा के पार्ट्स और कारतूस व खोखा कारतूस को अपने कब्जे में ले लिया। फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच पड़ताल कराई गई। डीसीपी वेस्ट के मुताबिक मामले में कई बिन्दुओं पर जांच की जा रही है। बिठूर के कुरसौली स्थित महादेवन मंदिर के सामने नहर में मछली शिकार करने के लिए कुछ बच्चे पहुंचे। नहर में मछली का शिकार करते हुए उन्हें एक पान मसाला का बैग मिला। बच्चे बैग नहर से बाहर ले आए और उसे खोलकर देखा। तो उसमें 12 बोर की बंदूक की बट, नाल और 12 जिंदा व खोखा कारतूस मिले। बंदूक का पार्ट और कारतूस व खोखा कारतूस देखकर बच्चे घबरा गए। उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। बिठूर पुलिस मौके पर पहुंची और बैग असलहा के पार्ट व कारतूसों को अपने कब्जे में ले लिया। फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक बंदूक के जो पार्ट मिले। उसमें असलहा का नम्बर नहीं दिख रहा है। असलहा पुराना भी प्रतीत हो रहा है। फोरेंसिक टीम जो रिपोर्ट देती है उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।डीसीपी वेस्ट राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम वहां पर आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। कारतूस और खोखा कारतूस की जांच भी कराई जा रही है। असलहा और कारतूस किसने नहर में फेंका इसकी जानकारी टीम द्वारा जुटाई जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम में किया गया सम्मानित



बीपीएस न्यूज

कानपुर। छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम प्रथम चरण प्रमाण पत्रों का वितरण ए पी सेन सभागार, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ मे किया गया। भारत सरकार युथा कार्यक्रम एवम् खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत के समस्त पुलिस महानिदेशक एवं क्षेत्रीय निवेशक रासेयो के सहयोग से देश के समस्त प्रदेशों में सत्र 2023-24 में 30 दिवसीय छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविधालय तथा संबद्ध महाविद्यालयों के राष्टीय सेवा योजन के स्वयंसेवक द्वारा प्रतिभाग किया गया था द्य जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नोडल अधिकारी डॉ संगीता सिरोही के साथ स्वयंसेवक रवि शंकर शर्मा, कनिष्क तिवारी को राज्य स्तर पर पुलिस महानिदेशक, नियम एवं ग्रंथ, आशीष गुप्ता पुलिस अधीक्षक (आईपीएस, पुलिस महानिदेशालय उप्र पुलिस) देव रंजन वर्मा, क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना, विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य संपर्क अधिकारी डॉ मंजू सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# किसानों हेतु केवीके पर बना कैफेटेरिया, कृषकों को होगा लाभ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर पर किसानों के लिए क्रॉप कैफेटेरिया बनाया गया है जिसमें उन्हें नई प्रजाति के बीजों और पौधों के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही फसल प्रबंधन से आय बढ़ाने की भी जानकारी दी जाएगी। कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किसानों को फसलों के प्रबंधन, प्रजातियां, मिट्टी और पानी के संरक्षण कीट, रोग आदि बारे में बताया जाता है। ताकि अच्छी पैदावार हो सके। कृषकों की आय में इजाफा करने के लिए प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। किसानों के लिए नई विधियों से बीजों को चयनित करना क्रॉप कैफेटेरिया में सिखाया जाता है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं अन्य शोध संस्थानों की ओर से नव विकसित 20 से अधिक गेहूं की प्रजातियां बोई गई हैं।

# सगे भाइयों ने पड़ोसी किसान के घर में लगाई आग जला सामान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिल्हौर के ब्रजवासिन पुरवा गांव में जमीनी विवाद में सगे भाइयों ने पड़ोसी किसान के खेत में बीते दिनों कीटनाशक डालकर फसल नष्ट करने के बाद सोमवार रात उसके घर में आग लगा दी। जिससे घर में रखा सामान राख हो गया।

शिवराजपुर थाना क्षेत्र में गौरी अभयपुर ग्राम पंचायत के ब्रजवासिन पुरवा गांव निवासी किसान रामप्रसाद के अनुसार उनका पड़ोसी किसान गंगाराम से जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है।

मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उसी को लेकर कुछ दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी। उसके अनुसार दो दिन पहले रविवार सुबह जब वह खेत पर गया तो देखा कि खेत पर खड़ी लाही की फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी थी। पीड़ित ने सूचना पर पहुंची पुलिस से पड़ोसी किसान के बेटों राम मिलन, राकेश और चुन्ना पर खेत में कीटनाशक डालकर फ़सल नष्ट करने की आशंका जाहिर की थी।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अभी मामले की जांच कर ही रही थी, इसी बीच सोमवार रात पीड़ित रामप्रसाद के घर में अचानक आग लग गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से घर में मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित घर बाहर निकाला गया और कड़ी मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। जब तक आग बुझाई गई तब तक किसान का छप्पर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो चुका था। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने एक बार फिर पड़ोसी किसान के पुत्रों पर घर में आग लगाने की आशंका जाहिर की। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू की।

# शहीदी दिवस पर ढाई लाख संगत ने छका लंगर



कानपुर। गुरु तेग बहादुर साहिब के शहीदी दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को मोतीझील मैदान पर ढाई लाख संगत ने लंगर छका। इस अवसर पर वित्त व संसदीय राज्य मंत्री सुरेश खन्ना, भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, विधायक सुरेंद्र, कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा सहित तमाम लोगों ने गुरु ग्रंथ साहिब के दरबार में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर सुबह व शाम को रागी जत्थों ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। साथ ही, गुरु तेग बाहदुर की शाहदत पर विचार भी व्यक्त किए। मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि जो इतिहास सिख समाज का है। वैसा पूरी दुनिया में किसी का नहीं है, क्योंकि यह समाज इतनी कुर्बानियां देकर आज यहां तक पहुंचा है। इस दौरान उन्होंने 84 के दंगों का जिक्र करते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा के चेयरमैन व पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह, प्रधान सिमरनजीत सिंह ने सभी अतिथियों को सिरोपा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सभा के जनरल सेकेट्री प्रिंस वासू, कोषाध्यक्ष तजिंदर पाल सिंह आदि सेवा में लगे रहे।

# ट्रेनों में उचित कारण बिना अलार्म चेन पुलिंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

कानपुर। सेन्ट्रल स्टेशन कानपुर परिक्षेत्र में ट्रेनों में अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) की घटनाओं में उत्तरोत्तर बृद्धि होने के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने के कारण ट्रेनों की समय बद्धता एवं रेल राजस्व की बड़े पैमाने पर क्षति दर्ज की गई। इस प्रकार उचित एवं पर्याप्त कराण के बिना ट्रेनों अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु श्रीमान वरि0 मंडल सुरक्षा आयुक्त/प्रयागराज व सहायक सुरक्षा आयुक्त/रेसुब/कानपुर महोदय के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक/रे0सु0ब0, कानपुर सेन्ट्रल द्वारा अपने कुशल नेतृत्व में 04 टीमें गाठित की गयी हैं, जो अलग-अलग स्टेशनों पर निरन्तर अभियान चलाकर चालू वर्ष जनवरी, 2024 से नवंबर, 2024 तक घटित एसीपी की घटनाओं में 562 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा चुकी है। अत: उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में एसीपी रोकथाम अभियान अनवरत जारी रखते हुए कानपुर के आम जनमानस से विनम्र अपील है कि कृपया उचित एवं पर्याप्त कारण के बिना किसी भी दशा में ट्रेनों में अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) न करें अन्यथा अनवाश्यक चेन पुलिंग करने वालों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध रेल अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत रे0सु0ब0 पोस्ट कानपुर सेन्ट्रल द्वारा सख्त विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# किसान की ईंट से कूच की हत्या, कुएं में फेंकी लाश, फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

कानपुर। बिधनू में किसान की ईंट से कूचकर हत्या करने के बाद शव को कुंए में फेंक दिया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कुएं से निकलवाया। अब तक की जांच में गांव के एक अन्य व्यक्ति से भैंस चोरी के विवाद के बारे में पुलिस को जानकारी मिली है। इसके अलावा अन्य बिन्दुओं पर भी पुलिस टीम द्वारा जांच की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।बिधनू के कठुई गांव बुजुर्ग निवासी किसान सरोज कुशवाहा (65) के परिवार में पत्नी मंजूलता, दो बेटे ओम जी, और पवन है। बेटे पवन के मुताबिक पिता सरोज कुशवाहा सोमवार शाम सात बजे टेढ़ापुरवा गांव निवासी बटाईदार पृथ्वीपाल के साथ खेत देखने के लिए निकले थे। देर रात तक वापस न आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। मंगलवार सुबह बुजुर्ग सरोज का खून से सना शव कठुई से टेढ़ा पुरवा जाने वाले रास्ते के बीच एक पांच फिट गहरे सूखे कुएं में पड़ा मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर एडीसीपी साउथ महेश कुमार, एसीपी घाटमपुर समेत बिधनू थाने की फोर्स पहुंची। ग्रामीणों की मदद से कुंए से शव को बाहर निकलवाया गया। किसान के सिर पर गहरे जख्म और खून दिख रहा था। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक जांच में ईंट से सिर कूचने की घटना प्रतीत हो रही है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच घटनास्थल व कुंए की जांच पड़ताल की। साथ ही खून, ईंट आदि के कुछ नमूने जांच के लिए एकत्र किए।

# मण्डलायुक्त ने की उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण के लिये बैठक, दिये निर्देश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। उद्यमियों की विभिन्न विभागों से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण के लिए अमित गुप्ता मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से सुनील कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग, राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी, जगदीश यादव अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), महाप्रबंधक जलकल विभाग, सचिव जलकल विभाग, अधीक्षण अभियंता केस्को, अधिशाषी अभियंता केस्को, उप महाप्रबंधक यूपीसीडा, उपायुक्त उद्योग कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा, औरैया तथा उद्यमी आलोक अग्रवाल, हरेन्द्र मूरजानी, मनोज बंका, उमंग अग्रवाल, बृजेश अवस्थी, लाडली प्रसाद, सुशील टकरू, संदीप अरोड़ा, सहित एसोसिएशन के प्रतिनिधि, उद्यमी एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जैनपुर ग्रोथ सेन्टर में स्थापित संयुक्त उत्प्रवाह शोधन संयंत्र को चालू कराये जाने के सम्बन्ध में मिनट्स ऑफ एन0एम0सी0जी0 के क्रियान्वयन हेतु सर्वप्रथम एस0पी0वी0 के गठन की आवश्यकता है, जिसके लिए मण्डलायुक्त द्वारा उप महाप्रबंधक, यूपीसीडा उपायुक्त उद्योग, कानपुर देहात को निर्देशित किया गया कि वह शीघ्र ही उद्यमियों के साथ बैठक कर एस0पी0वी0 के गठन की कार्यवाही पूर्ण करायें।

औद्योगिक क्षेत्र, पनकी में सीवर लाइन स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में आई0पी0एस0 तथा एस0टी0पी0 के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के संबंध में मंडलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि उप महाप्रबंधक, यू0पी0सी0डा0 2 सप्ताह में भूमि का चिन्हांकन करते हुए उ0प्र0 जल निगम को अवगत करायें।

भौंती-भीमसेन क्षेत्र में विद्युत फीडर की स्थापना कराये जाने की मांग उद्यमियों द्वारा विगत लंबे समय से की जा रही थी।

इस संबंध में मुख्य अभियंता, दक्षिणान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा अवगत कराया गया कि भूमि प्राप्त हो गई है तथा सबस्टेशन की स्थापना आगामी 6 माह में पूर्ण कर ली जायेगी। इस संबंध में उद्यमियों द्वारा मंडलायुक्त के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

औद्योगिक क्षेत्र दादा नगर, पनकी में उद्यमियों व कर्मचारियों के आवागमन के संबंध में वैकल्पिक मार्ग के रूप में नहर के दोनों ओर बनी सडकों पर अतिक्रमण के संबंध में मंडलायुक्त द्वारा सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अस्थाई अतिक्रमण को तत्काल हटवायें।

एल0एम0एल0 चैराहे से भौंती बाईपास तक सड़क के किनारे ग्रीन बेल्ट में नगर निगम द्वारा निर्मित बाउण्ड्रीवाल को क्षतिग्रस्त कर पार्किंग की जा रही है जिस पर मंडलायुक्त द्वारा नगर निगम को निर्देशित किया गया कि तत्काल इस क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत करायें जिससे ग्रीन बेल्ट में अवैध पार्किंग न हो सके।

उद्यमियों द्वारा मंडलायुक्त को संज्ञानित कराया गया कि औद्यौगिक क्षेत्रों में बैट्री का अपशिष्ट( सपरेटा) एकत्रित कर औद्यौगिक क्षेत्र में नहर के किनारे जला दिया जाता है जिसके कारण वायुमंडल में अत्याधिक प्रदूषण होने के कारण स्वास्थ संबंधी समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं। प्रकरण पर क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा मंडलायुक्त अवगत कराया गया कि इस तरह के अपशिष्ट के निपटान रैमकी द्वारा किया जाता है। मंडलायुक्त द्वारा क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया कि उक्त क्षेत्र का सर्वे कर इस संबंध में ऐसे औद्यौगिक उपक्रमों को चिन्हित करते हुए रैमकी से समन्वय कराते हुए अपशिष्ट का निपटान सुनिश्चित करायें।

अन्त में उद्यमी संगठनों द्वारा उनकी समस्याओं को संयमित रूप से सुनने एवं उनके समयबद्ध रूप से निस्तारण करने हेतु मण्डलायुक्त का धन्यवाद अर्पित किया गया।

# आरटीई प्रवेश में वार्ड की प्रक्रिया को समाप्त करने की मांग

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुस्लिम वेलफेयर एण्ड एजूकेशनल संस्था के सचिव इखलाक अहमद डेविड ने आरटीई प्रवेश में वार्ड की प्रक्रिया को समाप्त करने की मांग शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से की। सैकड़ों गरीब बच्चों के अभिभावक जो अच्छे स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं वो जिस वार्ड में निवास हो और उसी वार्ड के स्कूल में ही प्रवेश की बाध्यता के कारण उन स्कूलों में प्रवेश नहीं ले पाते ऐसे नियम को बदलना अति आवश्यक है जिससे बच्चे जिले के किसी भी स्कूल में प्रवेश ले सकेंगें देश के शिक्षा मंत्री से मांग करते हैं सत्र 2025-26 में नियम में बदलाव करने पर विचार करें जिससे गरीब बच्चों के अभिभावक जिले के किसी भी स्कूल में आरटीई के तहत प्रवेश ले सकें।इखलाक अहमद डेविड ने कहा कि पात्र बच्चों की चयनित सूची में धांधली होती है निजी स्कूल संचालन हठधर्मी के चलते बच्चों को प्रवेश नहीं देते हैं रहे है। अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं इसके बाद प्रवेश के लिए स्कूल भी आवंटित होने के बाद भी स्कूल प्रवेश करने में आनाकानी करते हैं गरीब बच्चों का प्रवेश होने के बाद उनके साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जाता है उनको कक्षा में आखिरी सीट पर बैठने को मजबूर किया जाता है सभी स्कूलों की समय-समय पर शिक्षा विभाग द्वारा जांच न करना भी उनके हौसले को बढ़ा रहा है। कानपुर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अपनी ज़िम्मेदारी निभाए।

# निजी हाथों में सौंपे जाएंगे रोडवेज के वर्कशॉप

## 19 जिलों में जनवरी से प्राइवेट वेंडर शुरू करेंगे काम



बीपीएस न्यूज

कानपुर। प्रदेश की रोडवेज बसों का मेंटनेंस अब प्राइवेट कंपनियों संभालेंगी। इसको लेकर कवायद शुरू हो गई है।

प्रदेश के 19 जिलों में रोडवेज वर्कशॉप पीपीपी मॉडल के तहत रोडवेज बसों का मेंटेनेंस कार्य संभालेंगी। कंपनियां करीब 6 हजार बसों का मेंटेनेंस कार्य संभालेंगी।

कानपुर स्थित विकास नगर डिपो एआरएम रामवलट ने बताया कि विकास नगर सहित सूबे के 19 वर्कशाप को कांट्रैक्ट पर दिया गया है। बसों का मेंटीनेंस अब कंपनियां करेंगी। मुख्यालय का फैसला है तो विभाग और जनहित में होगा।

इस व्यवस्था से बसों का मेंटीनेंस समय पर और कम खर्च से होगा। विभाग पर मैनपावर का खर्च भी नहीं आएगा। इससे विभाग को आर्थिक बचत भी होगी। विकासनगर में 64 संविदा नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं। प्रबंधन का दावा है कि नए साल यानी कि जनवरी से ठेकेदार बसों की सर्विसिंग करना शुरू कर देगा। इसकी वजह यह है कि विकासनगर वर्कशाप सहित पूरे प्रदेश भर की वर्कशाप का ठेका आवंटित किया जा चुका है। कांट्रेक्टर को निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि जनवरी-2025 से बसों की सर्विसिंग कराना शुरू कर दें। रोडवेज अफसरों का दावा है कि ठेके पर बसों की सर्विसिंग और मेंटेनेंस होने से रास्ते में बसें न के बराबर खराब होंगी।

विकासनगर वर्कशाप में हर महीने 150 से 200 बसें मेंटेनेंस को जाती थी। रूट से आने के बाद बसों की फौरी तौर पर चेकिंग और तय किमी. चलने के बाद उनकी सर्विसिंग होती थी। एसी हो या फिर साधारण बस विकास नगर डिपो की हर बस यहां फिट होती थी।

# कुपोषण से भी बचाता है विटामिन ए, न होने दें इसकी कमी - सीएमओ

## -नौ माह से पाँच वर्ष तक के 4.68 लाख बच्चों को 'विटामिन ए' पिलाने का लक्ष्य



बीपीएस न्यूज

कानपुर। नौ माह से पाँच वर्ष तक के लक्षित 4.68 लाख बच्चों को 'विटामिन-ए' की खुराक पिलाने के लिए बुधवार से 'विटामिन ए सम्पूरण' कार्यक्रम का संचालन शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम पूरे एक माह तक चलेगा। बुधवार को मान्यवर कांशीराम जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेंटर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ आलोक रंजन ने नन्हें बच्चे को %विटामिन ए% की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ यूबी सिंह ने भी वहाँ मौजूद अन्य बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी। सीएमओ ने कहा कि विटामिन 'ए' की कमी से बच्चों में नजर का कमजोर होना, रात्रि के समय कम दिखाई देना, अंधेपन का शिकार हो जाना, रूखी आँख, रूखी त्वचा और त्वचा से संबन्धित समस्याएं हो सकती हैं। इसकी कमी से बचपन में होने वाली दस्त जैसी आम बीमारियाँ भी गम्भीर हो सकती हैं। इन सभी कमियों को पूरा करने के लिए बच्चों को विटामिन ए की खुराक देना बेहद आवश्यक है। इसका सेवन निमोनिया, डायरिया तथा रतौंधी जैसे रोगों से बचाता है। मीजल्स होने की स्थिति में मृत्यु दर व जटिलता को कम करता है। यह सूक्ष्म पोषक तत्व कुपोषण से भी बचाता है।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ यूबी सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित होने वाले वीएचएसएनडी व यूएचएसएनडी सत्रों पर नौ माह से पाँच वर्ष तक के सभी बच्चों को अलग-अलग चम्मचों से विटामिन ए खुराक पिलायी जाएगी। उन्होंने बताया कि विटामिन ए एक वसा में घुलनशील विटामिन है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम करता है, जिससे बच्चे स्वस्थ व सुपोषित रहते हैं। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान नियमित टीकाकरण (जन्म से 24 माह तक), सम्पूर्ण टीकाकरण (पाँच वर्ष तक), वजन लेना और अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित करना, सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाना, एक घंटे के अंदर और छह माह तक सिर्फ स्तनपान को लेकर जन जागरूकता, आयोडीन युक्त की नमक के सेवन के प्रति जागरूक करने पर ज़ोर दिया जाएगा। इस दौरान शहरी नोडल डॉ राजेश्वर सिंह, कांशीराम जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डब्ल्यूएचओ से एसएमओ डॉ हेमंत अधिकारी, यूनिसेफ से डीएमसी फुजैल सिद्दीकी, यूएनडीपी से वीसीसीएम सहित सीएमओ कार्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद थे।ऐसे देंगे विटामिन-ए उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ पीबी सिंह ने बताया कि बच्चों को विटामिन ए की नौ खुराकें देने का प्रावधान है, जिसमें नौ से 12 माह तक के बच्चों को एमआर के प्रथम टीके के साथ आधा चम्मच यानि एक एमएल, 16 से 24 माह तक के बच्चे को एमआर के दूसरे टीके के साथ पूरा चम्मच यानि दो एमएल, जबकि दो से पांच वर्ष तक के बच्चे को छह-छह माह के अंतराल पर पूरा चम्मच यानि दो एमएल विटामिन ए का सिरप दिया जाना है।

# चिकित्सकों ने किया हृदय रोगों से संबंधित भ्रान्तियों का निवारण

## ओपीएफ के मुख्य सभाकक्ष में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। आयुध पैराशूट निर्माणी (ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड की इकाई) में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्माणी के महाप्रबंधक एम.सी. बालासुब्रमणियम ने कहा, कि जब हमारा हृदय स्वस्थ होगा, तभी हम किसी के भी हृदय को छू सकेंगे। इसलिए अपने हृदय का हमें साज-संभाल रखना बहुत जरूरी है।निर्माणी सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में शहर के हृदय रोग विशेषज्ञ डा. अवधेश कुमार शर्मा, प्राणोदय टीम से जुड़े डा. सुनीत गुप्ता तथा प्लास्टिक सर्जन डा. प्रदीप टण्डन ने हृदय रोग संबंधित सभी पहलुओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही लोगों में व्याप्त हृदय रोग संबंधित तमाम भ्रान्तियों का निवारण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक बालासुब्रणियम ने कहा कि हृदय से संबंधित सभी हेल्दी टेक्निक्स का पालन करना बहुत जरूरी है, तभी हम पूरी तरह से स्वस्थ रह सकते हैं।

हृदय रोग विशेषज्ञ डा. अवधेश कुमार शर्मा ने कहा कि आज के भाग-दौड़ भरे माहौल में हृदय का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। बढ़ते तनाव और खानपान में अनियमितता के चलते आज कोई भी तमाम रोगों की चपेट में अनायास ही आ रहा है। ऐसे वातावरण में किसी भी व्यक्ति का यदि हृदय स्वस्थ है, तो समझिये उसका सबकुछ ठीक है क्योंकि हृदय का सही ढंग से काम करना जीवन को बहुत सरल बना देता है। प्लास्टिक सर्जन डा. प्रदीप टण्डन ने हृदय रोगों से संबंधित तमाम भ्रान्तियों का निवारण करते हुये कहा कि प्राणों की सुरक्षा में सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रीससिटेशन) का बहुत महत्व है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए एबीसी (एयरवे, ब्रिदिंग एंड सर्कुलेशन) को समझना बहुत जरूरी है।उन्होंने प्रेजेन्टेशन के माध्यम से कार्डियक संबंधित सभी पहलुओं को विस्तार से समझाया। हृदय रोग विशेषज्ञ डा. सुनीत गुप्ता ने कहा कि ज्यादातर मौतें बेहोशी के दौरान दम घुटने की वजह से होती हैं, जबकि सही जानकारी हो जाए, तो ऐसी अप्रिय घटनाओं से लोगों को बचाया जा सकता है। इस दिशा में सीपीआर एक सशक्त माध्यम है, जिससे अप्रिय स्थितियों से सकारात्मक तरीके से बचाव संभव है। निर्माणी की पीएमओ (एसजी) डा. ज्योति त्रिवेदी ने कहा कि जीवन बहुत अनमोल है और इसकी देखभाल की जिम्मेदारी खुद की ही है। इसलिए हृदय को स्वस्थ एवं बलवान बनाये रखने के लिए सही दिनचर्या एवं समुचित आहार बेहद जरूरी है। इस दिशा में गंभीर रहना आज के समय की बड़ी जरूरत है।

शिविर में संयुक्त महाप्रबंधक राम ज्ञान सिंह व के.के. टोप्पो, कार्य प्रबंधक रूपेश कुमार, प्रबंधक प्रशासन अमर दीप कुमार, एच.बी. सिंह सहित सभी यूनियन-एसोसिएशनों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# सर्दियों में माता पिता को 15 से 20 मिनट धूप में बैठाएं : डॉ. निमिषा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर की ग्रह वैज्ञानिक डॉक्टर निमिषा अवस्थी ने बताया कि सर्दी प्रारंभ से ही स्वास्थ्य का ख्याल रखें उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब ठंड बढ़ने का एलर्ट जारी हो चुका है, तापमान कम होने से बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है, सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को होती है जिनकी इम्यूनिटी कमजोर होती है और इस श्रेणी में बच्चे और बुजुर्ग दोनों ही आते हैं। आप आपने घर के बुजुर्गों का भी ऐसे ख्याल रखें की उन्हे किसी भी तरह की बीमारी छू भी न सके। सर्दियों के मौसम में बुजुर्गों का ध्यान इस प्रकार रखें- बुढ़ापे में विटामिन डी का लेवल काफी ज्यादा घट जाता है। वहीं इसके कारण सर्दियों में जोड़ों से जुड़ी दिक्कतें पैदा होने लगती है। अगर आपके माता पिता को गठिया की दिक्कत है तो आपको ध्यान रखना होगा कि उनके जोड़ों पर डायरेक्ट हवा न लगे। इसके लिए उन्हें उचित गर्म कपड़े जरूर पहनाएं। रूम का तापमान आरामदायक रखें, ताकि उन्हें ठंड की वजह से किसी तरह की परेशानी ना हो बुढ़ापे में विटामिन डी का लेवल काफी ज्यादा घट जाता है। वहीं इसके कारण सर्दियों में जोड़ों से जुड़ी दिक्कतें पैदा होने लगती है। ऐसे में कोशिश करें कि हर रोज माता-पिता को 15 से 20 मिनट धूप में बैठाएं। उनके आहार में भी विटामिन डी शामिल करें। अंडे, मशरूम वगैरा विटामिन डी के अच्छे स्रोत हैं। अगर आपके माता-पिता को गठिया की दिक्कत है तो आपको ध्यान रखना होगा कि उनके जोड़ों पर डायरेक्ट हवा न लगे। इसके लिए उन्हें उचित गर्म कपड़े जरूर पहनाएं। रूम का तापमान आरामदायक रखें, ताकि उन्हें ठंड की वजह से किसी तरह की परेशानी ना हो।

# पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत 60 लाख रुपये सहायता धनराशि का चेक किया प्रदान



कानपुर। कमिश्नरेट कानपुर पुलिस लाइन में नियुक्त रहे आरक्षी श्रवण कुमार पुत्र किशोरी लाल की मार्ग दुर्घटना में दुखद व असामयिक मृत्यु हो जाने के कारण मृतक आरक्षी के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा कानपुर के क्षेत्रीय प्रमुख शैलेश कुमार पारख व उप क्षेत्रीय प्रमुख संजय कुमार के द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस आयुक्त अखिल कुमार व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय आरती सिंह को बैंक ऑफ बड़ौदा पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत 60 लाख रुपये सहायता धनराशि का चेक प्रदान किया गया। समस्त कानपुर पुलिस परिवार बैंक ऑफ बड़ौदा को धन्यवाद ज्ञापित करता है।

# 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तब घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो खुराक

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में पल्स पोलियो अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि आगामी पल्स पोलियो अभियान के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समस्त प्रभारी अधिकारी द्वारा माइक्रो प्लान तैयार कर जीरो से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को शतप्रतिशत पोलियो की खुराक पिलाई जाए। उन्होंने शहरी क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए क्षेत्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी वैक्सीनेटर की शत प्रतिशत ट्रेनिंग सुनिश्चित की जाए। व आगामी पल्स पोलियो अभियान में सभी जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं जाए, एक भी बच्चा इस अभियान में छूटना नहीं चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र की अलग से रिव्यू बैठक उनके द्वारा की जाए। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी के द्वारा आगामी पल्स पोलियो अभियान का माइक्रो प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक दिन शाम को प्रतिदिन किए गए कार्यों की समीक्षा उनके द्वारा स्वयं की जाए तथा प्राप्त कमियों को दूर किया जाए। अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए की वर्तमान समय में धान की कटाई की जा रही है इस लिए घर-घर जाने वाली टीम सुबह जल्दी निकले। जनपद में कुल 0 से 5 वर्ष की आयु के 5,51,317 बच्चे है, जनपद में कुल 2077 बूथ बनाए गए है साथ ही 52 मोबाइल टीम लगाई गई है तथा 100 ट्रांजिट टीम घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 1818 टीम बनाए गई है जिनकी निगरानी के लिए 578 सुपरवाइजरो द्वारा निरंतर निगरानी की जाएगी। 9 दिसंबर से 13 दिसंबर के मध्य घर घर जाने वाली टीम से यदि कोई बच्चा पोलियो की खुराक पीने से छूट जाता है तो 16 दिसंबर को बी टीम के द्वारा छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएगी।

यह अभियान 8 दिसंबर को जनपद में बनाए गए 2077 बूथों से प्रारम्भ होकर, 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक 52 मोबाइल टीमों तथा 1813 टीमों द्वारा घर घर जाकर जीरो से 05 वर्ष की आयु के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाएगी ।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी व सभी संबंधित विभागों के आधिकारिक कर्मचारी, विश्व संगठन से डॉ हेमंत, यूनिसेफ से फ़ुज़ैल अहमद, यूएनडीपी से धनंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# संभल में पाकिस्तान निर्मित गोलियां मिलीं, दावा दंगाइयों ने हिंसा में किया कारतूसों का इस्तेमाल



नवंबर में संभल में हुई हिंसा में इस्तेमाल किए गए हथियारों की फोरेंसिक जांच से पता चला है कि अपराधियों ने दूसरों पर हमला करने के लिए पाकिस्तान निर्मित गोलियों का इस्तेमाल किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने बताया कि संभल के कोट गर्वी से बरामद पांच खाली खोखे और दो मिसफायर कारतूसों की जांच से पता चला है कि वे पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री (पीओएफ) द्वारा निर्मित थे ।उत्तर प्रदेश के संभल शहर में 24 नवंबर को एक मस्जिद के कोर्ट द्वारा आदेशित सर्वेक्षण के बाद हिंसा भड़क उठी। झड़प में चार लोगों की मौत हो गई और कई पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने पहले कहा था कि झड़पों के दौरान कम से कम 41 राउंड गोलियां चलाई गईं।

घटना की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने फोरेंसिक विशेषज्ञों की मदद मांगी। 90 मिनट की तलाशी के दौरान, उन्हें दो कारतूस मिले- एक पर और दूसरा, 12-बोर का कारतूस, जिस पर विनचेस्टर मेड-इन-यूएसए लिखा हुआ था ।संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा पाकिस्तान निर्मित गोला-बारूद की बरामदगी इस मामले की गंभीरता को दर्शाती है। पुलिस गहनता से जांच कर रही है और हिंसा में शामिल लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है ।इस बीच, हिंसा के पीछे के दोषियों को पकड़ने के लिए एसआईटी जांच कर रही है। नगर निगम के कर्मचारियों को इलाके की सफाई फिर से शुरू करने के लिए कहा गया है, ताकि जांच एजेंसी को और सबूत जुटाने में मदद मिल सके। हिरासत में लिए गए संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है, क्योंकि एसआईटी ने उन्हें न्याय के कटघरे में लाने का भरोसा जताया है। जांच के जरिए यह पता लगाया जाएगा कि हिंसा पूर्व नियोजित थी या अचानक ।लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बुधवार को यहां गाजीपुर सीमा पर रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि वह पुलिस के साथ अकेले संभल जाने को तैयार थे, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी गई।

राहुल गांधी ने कहा, 卐हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस मना कर रही है, हमें जाने नहीं दे रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर जाना मेरा अधिकार हैज मैंने कहा कि मैं अकेले जाने को तैयार हूं, मैं पुलिस के साथ जाने को तैयार हूं लेकिन उन्होंने इसे भी स्वीकार नहीं किया। अब वे कह रहे हैं कि अगर हम कुछ दिनों में वापस आ गए तो वे हमें जाने देंगे। यह वास्तव में लोकसभा में विपक्ष के नेता के अधिकार के खिलाफ है। मुझे जाने दिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, हम संभल जाना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि वहां क्या हुआ। हम लोगों से मिलना चाहते हैं लेकिन मुझे मेरा संवैधानिक अधिकार नहीं दिया जा रहा है। यह भारत है जहां संविधान को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन हम लड़ते रहेंगे।

# संभल हो चाहे अलीगढ़.. सीएम योगी के तेवर देख असदुद्दीन ओवैसी ने किया पलटवार?

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल में मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा को लेकर सख्त रुख अपनाया है. मुख्यमंत्री ने बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिया कि कोई भी उपद्रवी नहीं बचना चाहिए और जिन लोगों ने सार्वजनिक संपत्ति को क्षतिग्रस्त किया है, उनसे उसे ठीक कराने का खर्च वसूला जाए. उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था की स्थिति में कोई भी लापरवाही नहीं बरती जाए. सीएम योगी के इस तेवर पर असदुद्दीन ओवैसी ने पलटवार किया है, उन्होंने कई आरोप लगाए हैं.

असल में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, संभल या कोई भी अन्य जनपद, किसी को भी अराजकता फैलाने की छूट नहीं दी जाएगी. उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे उपद्रवियों के पोस्टर सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएं, ताकि उनकी पहचान सार्वजनिक हो और उन्हें सजा मिल सके. यह कदम प्रदेश में बढ़ते अपराधों और अराजकता पर काबू पाने के लिए उठाया गया है.इसके अलावा, योगी आदित्यनाथ ने सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के मुद्दे पर भी सख्त निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि सड़कों पर किसी को भी निजी वाहन खड़ा करने, दुकानें लगाने या निर्माण सामग्री रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी. यह सार्वजनिक जगह सभी के उपयोग के लिए है, और इसे किसी के निजी फायदे के लिए नहीं छोड़ा जाएगा.

मुख्यमंत्री ने राजस्व वादों और विभागीय कार्यों को लेकर भी सख्त रुख अपनाया. उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, 'आईजीआरएस' और 'सीएम हेल्पलाइन' पर जनता से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर असंतोषजनक प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा. योगी ने कहा कि किसी भी गरीब के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाए.उधर ओवैसी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि संभल में जो बुलडोजर एक्शन हुआ वो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ है. सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन्स के मुताबिक 15 दिन की नोटिस होनी चाहिए, जिनका घर टूटने वाला है उन्हें अपनी बात रखने का मौका देना चाहिए, और बुलडोज़र को किसी मुजरिम को सजा देने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता.ओवैसी ने आगे यह भी लिखा कि योगी सरकार एक पूरे समाज को सजा दे रही है. उनका जुर्म बस यही है कि उन्होंने अपने संविधानिक अधिकारों का इस्तेमाल किया. जो सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश नहीं मान सकती, वो सरकार संविधान के मुताबिक काम नहीं कर रही है. क्या ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक है?

# सावधान हो जाएं मुहम्मद यूनुस! बांग्लादेश आ रहा है भारत का 'दूत'

भारत के पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है. हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में भारत समेत कई देशों ने अपनी आवाज बुलंद की है. लेकिन भारत ने जिस तरह बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार पर अपनी बात कही है, उससे एक बात तो तय है कि अब भारत आर-पार की लड़ाई में है. इसी बीच भारत ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री के नौ दिसंबर को बांग्लादेश का दौरा करने की शुक्रवार को घोषणा की है.उनकी यह यात्रा बांग्लादेश में हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर दोनों देशों के बीच उत्पन्न हुए तनाव के बीच होनी है. बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़कर भारत आने के बाद यह नयी दिल्ली से ढाका की पहली उच्चस्तरीय यात्रा होगी. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मिस्री विदेश कार्यालय परामर्श ढांचे के तहत एक बैठक में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की यात्रा पर जाएंगे. उन्होंने कहा कि विदेश सचिव नौ दिसंबर को बांग्लादेश का दौरा करेंगे. जायसवाल साप्ताहिक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे.

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर से बढ़ोतरी

नयी दिल्ली। भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है, इसके साथ ही लगातार आठ हफ्ते की गिरावट पर लगाम भी लग गई है, जो कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार 1.510 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 658.091 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जैसा कि इस सप्ताह की शुरुआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से पता चला। सितंबर में 704.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद से भंडार में गिरावट आ रही थी। रुपये के तेज अवमूल्यन को रोकने के उद्देश्य से आरबीआई के हस्तक्षेप के कारण भंडार में गिरावट आ रही है। पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार बफर घरेलू आर्थिक गतिविधियों को वैश्विक झटकों से बचाने में मदद करता है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए), जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है, 568.852 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर है।

# महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार, तीसरी बार बने राज्य के मुख्यमंत्री



महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस ने आज एक बार फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को मिले बंपर बहुमत के बाद देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने। देवेंद्र फडणवीस के अलावा शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। मुंबई में देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में एनडीए की ताकत देखने को मिली ।पूरे देश के एनडीए के नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। देवेंद्र फडणवीस को राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने शपथ दिलाई। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इसके अलावा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल भी इस समारोह में शामिल हुए।

# संसद में सीट बदली तो राहुल गांधी पर भड़के अखिलेश, इंडिया में बढ़ी तनातनी



18वीं लोकसभा में सीटिंग अरेंजमेंट फाइनल हो चुका है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे आगे वाली सीट पर ही बैठेंगे जबकि वायनाड से नवनिर्वाचित सांसद और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी चौथी पंक्ति में सीट नंबर 517 पर बैठेंगी. सीट नंबर 1 पर पीएम मोदी, सीट नंबर 2 पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीट नंबर 3 पर गृह मंत्री अमित शाह बैठेंगे.

लेकिन अब सीटों को लेकर इंडिया ब्लॉग में तनातनी बढ़ गई है. नए सिटिंग अरेंजमेंट से सपा प्रमुख अखिलेश यादव और और उनकी पत्नी डिंपल यादव भी खफा नजर आए. अखिलेश यादव ने अयोध्या से वरिष्ठ सांसद अवधेश प्रसाद को पीछे की पंक्ति में भेजे जाने पर नाराजगी जताई है. अभी तक अधवेश आगे वाली लाइन में अखिलेश यादव और राहुल गांधी के साथ बैठा करते थे.इस बार नए सिटिंग अरेंजमेंट में अवधेश को दूसरी लाइन में जगह दी गई है. सिटिंग अरेंजमेंट में इस बदलाव को लेकर अखिलेश यादव कांग्रेस से नाराज हैं. उनका कहना है कि अगर सिटिंग अरेंजमेंट में बदलाव हो रहा था तो ना तो इसकी जानकारी उनको दी गई और ना ही भरोसे में लिया गया.असल में कांग्रेस इंडिया गुट में मुख्य विपक्षी दल है. उसी के हाथ में बाकी सहयोगी दलों को सीट आवंटित करने की जिम्मेदारी थी. लेकिन कांग्रेस ने आगे की लाइन में सपा की सीटें दो से घटाकर एक कर दी है. यानी अब सिर्फ अखिलेश यादव ही आगे वाली सीट में बैठेंगे. कांग्रेस ने यह मुद्दा सरकार के सामने नहीं उठाया, जिससे अखिलेश यादव राहुल की पार्टी से खफा हैं.गुरुवार को जब सदन की शुरुआत हुई तो प्रियंका और राहुल गांधी के साथ कोई सपा का सांसद विरोध-प्रदर्शन के दौरान साथ खड़ा नजर नहीं आया. दूसरी ओर, डिंपल यादव ने सिटिंग अरेंजमेंट का मसला स्पीकर के सामने उठाते हुए आगे की लाइन में एक और सीट देने को कहा है. डिंपल ने कहा, हमें यकीन है कि स्पीकर हमारी बात सुनेंगे. वहीं अखिलेश की नाराजगी की खबरों पर डिंपल ने कहा, ऐसी कोई बात नहीं है, सीटों का फैसला स्पीकर ही लेते हैं. हमारी उनसे बात हो चुकी है.

# राज्यसभा में कांग्रेस सांसद सिंघवी की सीट से मिला नोटों का बंडल!

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित सीट से संसद सुरक्षा अधिकारियों ने नकदी बरामद की। सदन में धनखड़ के दावे के बाद कांग्रेस सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया, मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस बात पर जोर दिया कि जांच से पहले नाम नहीं लिया जाना चाहिए। फिलहाल भाजपा को कांग्रेस के खिलाफ बड़ा मुद्दा मिल गया है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि यह घटना गंभीर प्रकृति की है। इससे सदन की गरिमा को ठेस पहुंचती है। सर, मुझे आपके फैसले पर भरोसा है कि इसकी विस्तृत जांच कराई जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि नियमित प्रोटोकॉल के अनुसार, तोड़फोड़ रोधी टीम ने कार्यवाही और सदन को समाप्त करने के लिए सीटों की जाँच की। उस प्रक्रिया के दौरान, नोट पाया गया और सीट नंबरों को समझा गया और सदस्यों ने उस दिन हस्ताक्षर भी किए। मुझे समझ नहीं आता कि इस बात पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए कि सभापति को सदस्य का नाम नहीं लेना चाहिए. सभापति ने सीट संख्या और उस विशेष सीट पर बैठने वाले सदस्य के बारे में सही ही बताया है।

उन्होंने सवाल किया कि इसमें गलत क्या है? आपत्ति क्यों होनी चाहिए?ज्क्या आपको नहीं लगता कि जब हम डिजिटल इंडिया की ओर जा रहे हैं तो सदन में नोटों का बंडल ले जाना उचित है? हम घर में नोटों की गड्डियां नहीं रखते। मैं सभापति की इस टिप्पणी से पूरी तरह सहमत हूं कि इसकी गंभीर जांच होनी चाहिए और सदस्यों द्वारा उठाई गई चिंताएं भी बहुत वास्तविक है। बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि बेंच से नोटों का बंडल बरामद हुआ है। यह जांच का विषय है।

भाजपा नेता ने कहा कि भारत के उपराष्ट्रपति ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं। मैं हैरान हूं कि कांग्रेस नेताओं के पास से नोटों के बंडल कहां से बरामद हो रहे हैंज्इस घटना की जांच होनी चाहिए।' बीजेपी सांसद रवि किशन ने कहा कि संसद भवन से नोटों का बंडल बरामद होना जांच का विषय है। ये बेहद चौंकाने वाली बात है।

# पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बांग्लादेश में दलितों के साथ हो रही हिंसा पर सपा-कांग्रेस की चुप्पी पर कसा तंज



लखनऊ। बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में बड़ी संख्या में हिंदू अत्याचार का शिकार हो रहा है। इनमें ज्यादातर लोग दलित और कमजोर वर्ग के हैं। इसीलिये कांग्रेस पार्टी इस मामले पर चुप है और यही कारण है कि वह संभल-संभल चिल्ला रही है। मायावती ने कहा कि इस मामले में सपा हो या कांग्रेस सभी एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार को अपनी जिम्मेदारी को निभाना चाहिए, जिससे दलित समाज के लोगों पर अत्याचार कम हो सके।

बता दें बांग्लादेश में जब से शेख हसीना की सरकार को जबरन हटाया गया है तब से वहां अल्पसंख्यक यानी हिन्दू समुदाय के हालात खराब बने हुए हैं। यहां आए दिन उन पर हमले किए जा रहे है। ये हमले इस्कॉन संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से ही हर रोज बढ़ते जा रहे हैं। अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भारत में भी विरोध देखने को मिल रहा है, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, चन्द्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी सहित तमाम ऐसे दल जो मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत करते हैं चुप्पी साधे हुए हैं।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि संसद में विपक्ष देश व जनहित के मुद्दे न उठाकर अपने राजनीतिक स्वार्थ के मुद्दे उठा रहा है। खासकर सपा व कांग्रेस पार्टी संभल में हुई हिंसा के बहाने मुस्लिम मतदाताओं को खुश करने की कोशिश में लगी हुई है, लेकिन अब तक इन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर कुछ नहीं बोला है। ये केवल अपने मुस्लिम वोटरों को खुश करने में लगी हुई हैं। इन्हें अन्य मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है ।उन्होंने आगे कहा कि इतना ही नहीं, ये पार्टियां संभल में मुस्लिम समुदायों को आपस में लड़वा रही हैं. ।मुस्लिम समुदाय को भी सतर्क रहना होगा। मायावती ने चंद्रशेखर आज पर तंज कसते हुए कहा कि इससे भी ज्यादा दुख की बात है कि जिनके वजह से दलित वर्ग के सांसद संसद में पहुंचे हैं, वो भी अपने पार्टियों के आकाओं को खुश करने के लिए दलित उत्पीड़न के मुद्दों पर चुप बैठे हैं। गौरतलब हो, बांग्लादेश में सबसे ज्यादा मुस्लिम और दलित है। वहां हिंसा का सबसे ज्यादा शिकार दलित वर्ग हो रहा है। ऐसे में सरकार अपनी जिम्मेदारी को बढ़-चढ़ कर निभाए। वहां की सरकार से बातचीत कर शोषण से शिकार लोगों को भारत वापस लाया जाए।

# शाही इमाम की बांग्लादेश सरकार को धमकी, हिंदू के खिलाफ चल रहे अन्याय और हमलों को खत्म करें, वरना....



दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अन्याय और हमलों की निंदा की है और अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस से तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया है। एक पत्र में अहमद बुखारी ने भारत और बांग्लादेश के बीच लंबे समय से चले आ रहे घनिष्ठ संबंधों पर जोर दिया ।उन्होंने कहा, बांग्लादेश की स्थापना के बाद से ही हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व, मीडिया, नागरिक समाज और प्रभावशाली हलकों ने शेख मुजीबुर रहमान, उनकी बेटी शेख हसीना वाजिद और उनकी पार्टी अवामी लीग के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखे हैं। कूटनीति और क्षेत्र, अंतरराष्ट्रीय मामलों और मुस्लिम दुनिया से जुड़े मामलों के संदर्भ में बांग्लादेश हमेशा एक करीबी सहयोगी के रूप में हमारे साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा, 卐इस बिंदु तक, यह बांग्लादेश का आंतरिक मामला था। हालांकि, हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ चल रहे अन्याय, हमले और एकतरफा कार्रवाई निंदनीय है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। इस तरह की कार्रवाइयों का कोई औचित्य नहीं है।

सरकार को हमेशा उनकी स्थापना और विकास प्रक्रिया में हमारी भूमिका और लाखों शरणार्थियों के लिए हमारे समर्थन और देखभाल के अद्वितीय इतिहास को स्वीकार करना चाहिए। हम हर प्राकृतिक आपदा में उनके साथ खड़े होने वाले पहले व्यक्ति थे ।अहमद बुखारी ने इस बात पर भी जोर दिया कि अल्पसंख्यकों के समान अधिकारों की सुरक्षा के बारे में संयुक्त राष्ट्र की एक सार्वभौमिक घोषणा है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सभी सदस्यों और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों के लिए बाध्यकारी है ।एक विश्वसनीय पड़ोसी, बांग्लादेश के करीबी सहयोगी और साझा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक के रूप में, मैं बांग्लादेश के वर्तमान प्रमुख, नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस से हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ किसी भी अन्याय को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपेक्षा करता हूं। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनकी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा बेदाग रहे। एक मुस्लिम बहुल देश के रूप में, इस्लाम और इस्लामी न्यायशास्त्र स्वाभाविक रूप से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ किसी भी तरह के पूर्वाग्रह या अन्याय के लिए कोई जगह नहीं छोड़ते हैं, उन्होंने कहा ।इस बीच, सप्ताहांत में, कोलकाता में इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के एक प्रवक्ता के अनुसार, बांग्लादेश के बेनापोल लैंड पोर्ट पर 60 से अधिक भिक्षुओं को कथित तौर पर रोक दिया गया और उन्हें भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उल्लेखनीय है कि हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को कोई राहत नहीं मिली है, जिन्हें कथित देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार को बांग्लादेश की एक अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 जनवरी, 2025 (गुरुवार) की तारीख तय की। हिरासत में लिए गए चिन्मय कृष्ण दास के जेल में ही रहने की उम्मीद है।

# आगरा के ताज महल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की मिली धमकी, जांच में जुटी पुलिस

आगरा के प्रतिष्ठित ताज महल को मंगलवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। एसीपी ताज सुरक्षा सैयद अरीब अहमद ने कहा कि पर्यटन विभाग को ईमेल मिला। उसके आधार पर ताजगंज थाने में मामला दर्ज किया जा रहा है। आगे की जांच चल रही है। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) की टीम और स्थानीय पुलिस मुगल स्मारक पर पहुंची और देश के शीर्ष पर्यटक स्थल के परिसर में तलाशी अभियान चलाया ।ताज की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे एसीपी ने कहा कि बम निरोधक दस्ते, डॉग स्क्वायड और अन्य टीमों को सेवा में लगाया गया, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन कार्यालय को एक ईमेल प्राप्त हुआ था जिसमें ताज महल को उड़ाने की धमकी दी गई थी। हमें ईमेल के अनुसार कुछ भी नहीं मिला। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और अन्य टीमें सुरक्षा जांच के लिए ताज महल पहुंचीं। उत्तर प्रदेश पर्यटन की उप निदेशक दीप्ति वत्स के अनुसार, बम की धमकी से संबंधित ईमेल को तुरंत कार्रवाई के लिए आगरा पुलिस और एएसआई, आगरा सर्कल को भेज दिया गया था।

# संवेदनशील इलाकों में पीएसी, ड्रोन और 20 क्यूआरटी टीमें रही अलर्ट, सोशल मीडिया पर भी रही नजर



बीपीएस न्यूज

कानपुर।6 दिसंबर को लेकर खास तौर पर अलर्ट मोड पर कानपुर पुलिस है। इसके चलते कानपुर के सेंसटिव इलाके में गुरुवार रात से ही पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई। इसके साथ ही थानेदार से लेकर डीसीपी तक ने अपने क्षेत्र में पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त किया।

पुलिस की टीमें सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक निगरानी बनाए हुए हैं। माहौल बिगाड़न वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि 6 दिसंबर की तिथि क्यों महत्वपूर्ण है। इसके पीछे शुक्रवार को जुमे की नमाज होती है।इसके साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि यानी महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है।परिनिर्वाण दिवस पर शहर में तमाम सारे कार्यक्रम और रैली व जुलूस निकलते हैं। परंपरागत तरीके से होने वाले सभी कार्यक्रम अपने निर्धारित स्थान पर होंगे।शहर में कई कार्यक्रम होने हैं, उनकी परमिशन दी गई है। दूसरे धर्म को आहत करने वाले कोई काम करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जुमे की नमाज में सेंसिटिव इलाकों में भारी पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात कर दी गई है। एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर हरीश चंदर ने बताया कि किसी भी हालत में शहर में अशांति फैलाने वालों के बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सेक्टर जोनल स्कीम लागू कर दी गई है।400 से ज्यादा पुलिस कर्मियों की तैनाती सेक्टर और जोन में की गई है।4 कंपनी पीएसी भी तैनात की गई है।संभल की घटना को देखते हुए खास तौर पर एहतियात बरता जा रहा है। कई इलाकों में ड्रोन से निगरानी की जाएगी।इसके साथ ही 20 क्यूआरटी रिजर्व हैं। शहर के सभी धार्मिक गुरुओं से बात कर शांति संदेश देने के लिए कहा गया है।

# उद्योग व्यापार मंडल ने बांग्लादेश में अत्याचार पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

• विश्व पटल पर व्यापारियों पर हो रहे अत्याचार की निंदा कर रखा जाए मुद्दा



कानपुर, 6 दिसम्बर (निस)। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से बांग्लादेश अल्पसंख्यक व भारतीय व्यापारियों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा गया।ज्ञापन सौंपने के दौरान पदाधिकारियों ने डीएम से बांग्लादेश सरकार पर दबाव बना कर व्यापारियों को राहत दिलाने की मांग की।कानपुर उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सुनील बजाज के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारी शुक्रवार को जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पहुंचे। बांग्लादेश अल्पसंख्यक व वहां रहने वाले भारतीय व्यापारियों के साथ किए जा रहे अत्याचार की निंदा की। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि पड़ोसी देश से लगातार हिंदूओं व व्यापारियों के साथ हिंसा के मामले सामने आ रहे। व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को जला कर उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है।जिससे व्यापारी व हिंदू समाज में गहरा आक्रोश है। मांग करते हुए कहा कि अत्याचार को रोकने के लिए भारत सरकार मामले में अग्रणी भूमिका निभाते हुए घटनाओं को विश्व पटल पर रखे और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर अल्पसंख्यक, व्यापारियों पर हो रहे अत्याचारों को तत्काल प्रभाव से रोके। इस दौरान व्यापारियों ने 10 दिसंबर को बड़ा चौराहे पर अल्पसंख्यक हिंदूओं के समर्थन में होने वाले विशाल धरने को समर्थन देते हुए अधिक से अधिक संख्या में व्यापारियों के पहुंचने की अपील की।

इस दौरान मुकुंद स्वरूप मिश्रा, रामेश्वर गुप्ता लाला भैया, कृपाशंकर त्रिवेदी, प्रदीप गुप्ता, विनीत चंदेल, सुशील गुप्ता, निर्मल त्रिपाठी, विजय गुप्ता मौजूद रहे।

# पल्स पोलियो अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

• पल्स पोलियो अभियान के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं- जिलाधिकारी

बीपीएस न्यूज

कानपुर।जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में पल्स पोलियो अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई ।बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त संबंध सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , उप स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि आगामी पल्स पोलियो अभियान के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।समस्त प्रभारी अधिकारी द्वारा माइक्रो प्लान तैयार कर जीरो से 5 वर्ष की आयु के बच्चों को शतप्रतिशत पोलियो की खुराक पिलाई जाए। उन्होंने शहरी क्षेत्र पर विशेष ध्यान देते हुए शहरी क्षेत्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी वैक्सीनेटर की शत प्रतिशत ट्रेनिंग सुनिश्चित की जाए। वह आगामी पल्स पोलियो अभियान में सभी जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं जाए, एक भी बच्चा इस अभियान में छूटना नहीं चाहिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र की अलग से रिव्यू बैठक उनके द्वारा की जाए । उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी के द्वारा आगामी पल्स पोलियो अभियान का माइक्रो प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक दिन शाम को प्रतिदिन किए गए कार्यों की समीक्षा उनके द्वारा स्वयं की जाए तथा प्राप्त कर्मियों को दूर किया जाए।

अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए की वर्तमान समय में धान की कटाई की जा रही है इस हेतु घर-घर जाने वाली टीम सुबह जल्दी निकले ।जनपद में कुल 0 से 5 वर्ष की आयु के 5,51,317 बच्चे है,जनपद में कुल 2077 बूथ बनाए गए है साथ ही 52 मोबाइल टीम लगाई गई है तथा 100 ट्रांजिट टीम तथा घर-घर जाकर पोलियो की खुराक



पिलाने के लिए 1818 टीम बनाए गई है जिनकी निगरानी के लिए578 सुपरवाइजरो द्वारा निरंतर निगरानी की जाएगी ।9 दिसंबर से 13 दिसंबर के मध्य घर घर जाने वाली टीम से यदि कोई बच्चा पोलियो की खुराक पीने से छूट जाता है तो 16 दिसंबर को बी टीम के द्वारा छोटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएगी ।यह अभियान 8 दिसंबर को जनपद में बनाए गए 2077 बूथों से प्रारम्भ होकर , 9 दिसंबर से 13 दिसंबर तक 52 मोबाइल टीमों तथा 1813 टीमों द्वारा घर घर जाकर जीरो से 05 वर्ष की आयु के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाएगी ।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी व सभी संबंधित विभाग विभागों के आधिकारिक कर्मचारी, विश्व संगठन से डॉ हेमंत, यूनिसेफ से फ़ुज़ैल अहमद, यूएनडीपी से धनंजय सिंह आदि उपस्थित रहे ।

# छात्रा की गोली से मौत, घर से तमंचा और गोली बरामद, फोरेंसिक और डॉग स्क्वाड जांच में जुटी

बीपीएस न्यूज

कानपुर।बिधनू में गोली लगने से 11वीं की छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। फायरिंग और फिर घर में चीख-पुकार सुन गांव के लोग पहुंचे।इसके बाद सूचना पर बिधनू थाने की पुलिस और फोरेंसिक टीम भी पहुंच गई। पुलिस को जांच के दौरान एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ में परिजन कुछ भी बता नहीं रहे हैं। पुलिस पिता और परिवार के अन्य लोगों से पूछताछ करके मौत का कारण जानने की कोशिश कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक बिधनू ने बताया कि 6 दिसंबर को करीब 11.20 बजे गोली लगने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। यहां विनय सिंह की बेटी श्रेया सिंह चंदेल के पेट में गोली लगी थी। उपचार को सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच करने मौके पर पहुंचे एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मृतक छात्रा 16 साल की है। मौत की वजह जानने के लिए परिवार के लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एक तमंचा भी मौके से बरामद हुआ है। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# फाइलेरिया प्रभावित अंगों की सही देखभाल करें और राहत पाएं: डीएमओ

♦ फाइलेरिया प्रभावित अंगों की समुचित देखभाल के प्रति किया जागरूक




बीपीएस न्यूज

कानपुर। फाइलेरिया एक संक्रामक बीमारी है, जिसे हाथीपाँव भी कहा जाता है। इसका कोई इलाज तो नहीं है, लेकिन सही देखभाल से राहत जरूर मिल सकती है।

हाथीपांव से प्रभावित अंग की नियमित साफ ङ्क सफाई करनी चाहिए और व्यायाम करना चाहिए ।इसके साथ ही साल में एक बार फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन भी करना चाहिए। यह बातें जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) अरुण कुमार सिंह ने कहीं ।उन्होंने शुक्रवार को सरसौल ब्लॉक के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर 50 से अधिक फाइलेरिया मरीजों को रुग्णता प्रबन्धन एवं दिव्यांगता निवारण (एमएमडीपी) किट प्रदान किया ।इसके साथ ही किट के उपयोग के बारे में प्रशिक्षण भी दिया। जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि एमएमडीपी किट में बाल्टी, मग, तौलिया, टब, साबुन और क्रीम शामिल हैं । मरीजों को बताया गया कि हाथीपांव के मरीज को टब में अपना प्रभावित अंग रखना होता है और फिर मग से धीरे धीरे पानी डालकर अंग को भिगोना होता है। पानी न तो ठंडा हो और न ही गरम हो। साबुन को प्रभावित अंग पर सीधे नहीं लगाना है ।

साबुन को हाथों में लेकर झाग बना लेना है और फिर उसी झाग को प्रभावित अंग पर लगाना है और अंग को धुलना है ।इसके बाद साफ कॉटन के तौलिये से बिना रगड़े हल्के हाथ से अंग को साफ करना है। अगर प्रभावित अंग कहीं कटा है या इंफेक्टेड है तो वहां पर क्रीम भी लगाना है। प्रतिदिन ऐसा करने से हाथीपांव से प्रभावित अंग सुरक्षित रहते हैं और आराम भीमिलता है ।इसके अलावा एड़ियों के सहारे खड़ा होकर प्रतिदिन व्यायाम करना है।इस मौके पर पाथ संस्था के प्रतिनिधि डा. शिवकांत ने उपस्थित फाइलेरिया मरीजों को बताया कि फाइलेरिया प्रभावित अंगों में सूजन न बढ़े इसलिए जरूरी है कि उनमें व्यापक मूवमेंट हो ।उन्होंने उपस्थित फाइलेरिया रोगियों से कहा कि जो भी समान दिया गया है उसका उपयोग फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल में करें और प्रशिक्षण में फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल करने के बारे में जो जानकारी दी जाए उसको अमल में लाएं। सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) के ब्लॉक समन्वयक राम कुमार ने प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए मरीजों को कुछ व्यायाम का अभ्यास कराया और दी गयी किट के माध्यम से प्रभावित अंगों की साफ सफाई के तरीके सिखाये। जिससे प्रभावित अंगों में किसी प्रकार के संक्रमण न हो। इस मौके पर पहले से एमएमडीपी का प्रशिक्षण प्राप्त फाइलेरिया नेटवर्क समूह के सदस्य ने बताया की प्रशिक्षण के दौरान जो व्यायाम और साफ सफाई के बारे में बताया गया है उसका नियमित रूप से अभ्यास कर रहें है। साथ ही किट के जरिये हम अपने सूजे हुये पैरों की साफ-सफाई और देखभाल करते हैं। इस दौरान सहायक मलेरिया अधिकारी भूपेंद्र सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पूनम गौतम, आशा छाया, संगीता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय कार्यालय में डॉ. आंबेडकर के पुनर्निर्माण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित




बीपीएस न्यूज

कानपुर।शुक्रवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र मुख्यालय पर भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के पुनर्निर्माण दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री प्रकाश पाल ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि जब तक इस देश में लोकतंत्र रहेगा, बाबा साहेब को सदैव याद किया जाता रहेगा।श्री पाल ने कहा, डॉ. आंबेडकर ने संविधान बनाकर देश को लोकतंत्र का अमूल्य उपहार दिया।उन्होंने एक ऐसे भारत की नींव रखी जिसमें सभी नागरिक समान अधिकारों और स्वतंत्रता का आनंद ले सकते हैं।उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, कुछ नेता इस लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन भाजपा यह कभी होने नहीं देगी। भाजपा संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री बाबा साहेब के बनाए संविधान को संरक्षित रखने और इसे सुदृढ़ बनाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल्यों को बनाए रखने और लोकतंत्र को सशक्त करने के लिए भाजपा सतत प्रयास करती रहेगी। इस कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया। सभी ने डॉ. आंबेडकर के विचारों और उनकी शिक्षाओं को अपनाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी पवन प्रताप सिंह जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह दिनेश कुशवाहा जय प्रकाश कुशवाहा अमित परिहार संदीप ठाकुर सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में कानपुर मण्डल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

बीपीएस न्यूज

कानपुर।माध्यमिक शिक्षा विभाग उ0प्र0 द्वारा 05 दिसंबर को सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर में आयोजित राज्यस्तरीय डॉ0 सम्पूर्णानन्द वाद-विवाद प्रतियोगिता में कानपुर मण्डल से प्रतिनिधित्व करते हुए बी0एन0एस0डी0 शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज की छात्रा कनिष सिंह (कक्षा-11) ने विकसित भारत-2047~ एक स्वप्न या वास्तविकता विषय के पक्ष में अपनी विशिष्ट शैली में एवं तथ्यपरक वक्तव्य रखते हुए सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में प्रदेश में प्रथम स्थान अर्जित कर न केवल विद्यालय का बल्कि कानपुर मण्डल का गौरव बढ़ाया।




## खुले आम ताश की गड्डी फेंटते तीन शातिर जुआड़ी धरे गये

कानपुर। कल्याणपुर पुलिस ने मारा जुंए के फड़ पर छापा खुलेआम जुआ खेलते तीन शातिर जुआड़ी गिरफ्तार पकड़े गए जुआड़ी शंकर वर्मा, सर्वेश तिवारी व आदित्य कुमार त्रिपाठी हैं।अभियुक्त आदित्य कुमार त्रिपाठी के खिलाफ पहले से ही कई मुकदमें दर्ज़ हैं। तीनों जुआरियों को कल्याणपुर पुलिस ने पानी की टंकी, अबेदकरपुरम से दबोचा।जुंए की फड़ से 3370 रुपए, ताश के 52 पत्ते व एक स्विफ्ट कार बरामद उप निरीक्षक सत्यम चौहान, अमित कुमार सहाय, मोहम्मद आरिफ, अवलेश कुमार, उप निरीक्षक यू टी दीपक खटीक, रोहित सिंह, भगत सिंह व हेड कांस्टेबल विमलेश ने इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया तीनों शातिर जुआरियों को कानूनी कार्यवाही के उपरांत भेजा जा रहा है सलाखों के पीछे।

## दबोचा गया वारंटी अभियुक्त श्याम कुमार ( रंगा )

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह के दिशा निर्देश दबोचा गया वारंटी बदमाश। अपराध व अपराधियों के खात्मे के लिए पुलिस उपायुक्त पश्चिम उठा रहे हैं कड़े कदम। पकड़ा गया वारंटी अभियुक्त नानकारी आईआईटी निवासी श्याम कुमार उर्फ रंगा है।अभियुक्त रंगा काफी समय से झोंक रहा था कानून की आंखों में धूल। वारंटी अपराधी श्याम कुमार उर्फ रंगा को कानूनी कार्यवाही के उपरांत भेजा जा रहा है न्यायालय उप निरीक्षक वरुण सिंह व कांस्टेबल रोहित कुमार ने इस गिरफ्तारी को दिया अंजाम।

## 10 दिवसीय होंगे हाइड्रोपोनिक कल्टीवेशन पर तीन व्यावसायिक प्रशिक्षण

कानपुर। सीएसए के निदेशक कृषि प्रयोग केंद्र डॉक्टर पी के सिंह ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय कानपुर, संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन टोक्यो (जापान) एवं जापानी कंपनी मोबिल इंक के संयुक्त तत्वाधान में 35 - 35 प्रतिभागियों के तीन व्यवसायिक प्रशिक्षणों का आयोजन विश्वविद्यालय में माह दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक की अवधि में किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम आवासीय होंगे। जिनकी अवधि 10 दिन की होगी, प्रशिक्षण में हाइड्रोपोनिक कल्टीवेशन सिस्टम- ईमेक टेक्नोलॉजी पर व्यावसायिक जानकारी दी जाएगी। डॉ सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगतिशील किसानों (महिला एवं पुरुष) के साथ-साथ उद्यमियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के ठहरने, खाने आदि पर होने वाले समस्त व्यय आयोजक संस्थाओं द्वारा वहन किया जाएगा।

निदेशक कृषि प्रयोग केंद्र डॉक्टर पीके सिंह ने किसान,उद्यमी एवं छात्र छात्राओं से अपील की है कि वे ऑनलाइन पंजीकरण करा ले अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट से आवेदन पत्र प्रोफार्मा भरकर विश्वविद्यालय के शाक भाजी अनुभाग कल्याणपुर कानपुर में सीधे जमा कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि प्रशिक्षण की तिथियों की सूचना बाद में दी जाएगी।

# वैज्ञानिकों ने कृषि विश्वविद्यालय में किया पैदल मार्च



कानपुर। आईसीएआर द्वारा कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों की वेतन एवं सेवा संबंधी विसंगतियों को लेकर चंद्रशेखर आजाद कृषि विवि के नियंत्रण अधीन समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यरत वैज्ञानिकों ने विवि के मुख्य परिसर में पैदल मार्च एवं प्रदर्शन किया गया। ज्ञातव्य हो कि केंद्रों पर कार्यरत वैज्ञानिकों की सेवानिवृत्त आयु 62 वर्ष पर थी जो नए आदेश के तहत 60 वर्ष कर दी गई, जबकि परिषद द्वारा अन्य भत्ते व पेंशन न देने का पत्र भी जारी कर दिया गया है।

समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों ने पूर्व की भांति यूजीसी व्यवस्था के द्वारा शैक्षणिक लाभ प्रदान करवाने, सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष करवाने तथा पेंशन, ग्रेच्युटी अवकाश नगदीकरण, चिकित्सा भत्ता सहित अन्य भत्तों को पूर्व की भांति जारी रखने हेतु मांग की है। सभी वैज्ञानिकों ने विश्वविद्यालय में निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग से वेतन आहरण हेतु वार्ता भी की।

# बिना लाइसेंस चल रहे मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन हुए बरामद





कानपुर। ड्रग विभाग की टीम द्वारा मसवानपुर क्षेत्र में कादमगिरी मेडिकल एंड जनरल स्टोर व ओम मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। जिसमें ओम मेडिकल स्टोर में कई कमियां पाए जाने पर मेडिकल संचालक को क्रय विक्रय करने पर रोक लगा दी।

वहीं कादमगिरी मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर के निरीक्षण में पाया गया कि मेडिकल स्टोर बगैर लाइसेंस के चलाया जा रहा है। जिसका संचालन उन्नाव के अर्जुन सिंह व दीपक सिंह द्वारा किया जा रहा था। जांच में पाया गया कि बगैर लाइसेंस मेडिकल स्टोर में मौके पर 300 बायल 10 द्रव्य की मात्रा में Pheniramine Maleate Injection व Syringe एवं 42 लिफाफों में Pheniramine Maleate Injection 10 ml, Syringe 5 ml, 2 Needle और एक संदिग्ध बिना लेवल के पारदर्शी पदार्थ कांच की एम्पुल में मौके पर मौजूद पाया गया। जो किसंभवत: Buperonorphine injection है।

पाए गए दोनों उक्त इंजेक्शन नशे के रूप में दुरुपयोग किए जाते हैं। Phentermine Maleate injection v® ml वह संदिग्ध पारदर्शी तरल पदार्थ का नमूना जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किया गया है। ऋ्ह्य. 10443.80 हजार की औषधियों को औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 की धारा 18 के अंतर्गत सीज कर दिया गया है। नशे के इंजेक्शन व संदिग्ध पारदर्शी तरल पदार्थ के अलावा और खाद्य पदार्थ एवं आयुर्वेदिक औषधियां बहुत ही कम मौजूद पाई गई।

जिससे पता चलता है कि उक्त मेडिकल स्टोर से संदिग्ध नशीली औषधियां/नशीले इंजेक्शन बेचे जा रहे हैं। जांच एवं नमूने की रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह कार्यवाही ड्रग इंस्पेक्टर रेखा सचान व ड्रग इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह द्वारा की गई। रेखा सचान ने बताया कि कानपुर जिला अधिकारी को शिकायती पत्र मिला था जिसके अंतर्गत मेडिकल स्टोर में जांच की कार्यवाही की गई।

# खाद्य विभाग की टीम ने मारा छापा, गंदगी के साथ फ्रीजर में वेज-नॉनवेज एक साथ रखे हुए मिले



कानपुर। आयुक्त खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के दिए गए निर्देश पर कानपुर नगर के सहायक आयुक्त खाद सेकंड संजय प्रताप सिंह के द्वारा गठित खाद्य विभाग की टीम ने गूजेपुर अरौल 517 लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे स्थित फूड किंग प्लाजा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने स्न्रष्ट ढाबा से बेसन, यूजिंग कुकिंग तेल व पिसा लाल मिर्च का नमूना लिया साथ ही ढाबे पर साफ सफाई रखने का निर्देश दिया। वही रॉयल अवध फूड किचन से रंग की मिलावट होने के संदेह पर तैयार किचन बिरयानी का नमूना लिया। प्रोपराइटर को साफ सफाई रखने व वेज नॉनवेज को अलग-अलग रखने का निर्देश दिया है।

फूड रिपोर्ट स्थित बरिस्ता में डीप फ्रीजर में काफी गंदगी पाई गई। फ्रीजर के अंदर से बदबू आ रही थी। फ्रीजर के अंदर खुला हुआ बटर रखा मिला। वही एक ही डीप फ्रीजर के अंदर वेज-नॉनवेज एक साथ रखे हुए पाए गए। परिसर के अंदर कई खाद्य पदार्थ एक्सपायर रखे पाए गए। जिसे खाद्य पदार्थों को तैयार करने में प्रयोग किया जा रहा था। पेटीज डीप फ्रीजर में खुले चिकन रोल एक साथ रखें हुए मिले। पानी की बायोलॉजिकल व केमिकल जांच नहीं मिली। आगे का आदेश आने तक बरिस्ता को बंद रखने का निर्देश दिया गया।

# द साबरमती रिपोर्ट देख भाजपाइयों ने जाना गोधराकांड का सच




बीपीएस न्यूज

कानपुर। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, पूर्व सांसद कांता कर्दम, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने किदवई नगर विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 2002 में गुजरात में हुए गोधरा कांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट देखी।

केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा नेता और संगठन के पदाधिकारी मंगलवार को दोपहर एक बजे साकेत नगर स्थित दीप पीवीआर सिनेमा में फिल्म देखने पहुंचे थे।

फिल्म देख कर निकले क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह से उस वक्त मीडिया के एक धड़े ने पूरे घटनाक्रम की सच्चाई छुपा कर राजनीतिक विचारधारा के प्रभाव में घटना को गलत तरीके से पेश किया था। सच्चाई को अधिक समय तक दबाए नहीं जा सकता है। उन्होंने गोधरा कांड की सच्चाई सबके सामने लाने के लिए फिल्म निर्माताओ की प्रशंसा की। किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि इस फिल्म में गोधरा कांड की सच्चाई दिखाई गई है। इस फिल्म को सभी लोगों को देखना चाहिए। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि 卐द साबरमती रिपोर्ट卐 फिल्म देखकर अधिक से अधिक लोग गोधरा कांड की सच्चाई से परिचित हो सकें इसलिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा मध्य प्रदेश और हरियाणा सहित भाजपा शासित राज्यों ने फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया है।

फिल्म देखने वालों में बाल चंद्र मिश्र, कौशल किशोर दीक्षित, सुनील नारंग, मनीष त्रिपाठी, भूपेश अवस्थी, रीता शास्त्री, प्रकाश वीर आर्य, शिवशंकर सैनी, गौरव तिवारी, अखिलेश अवस्थी, प्रवीण मिश्रा बुल्ली, संजय पासवान, आदि मौजूद रहे।

# शीतलहर एवं घने कोहरे के दृष्टिगत राहत एवं बचाव कार्यों से संबंधित हुई बैठक

## बैठक में अपर जिलाधिकारी ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राजेश कुमार की अध्यक्षता में नवीन सभागार, सरसैया घाट में शीतलहर एवं घने कोहरे के दृष्टिगत राहत एवं बचाव कार्यों से संबंधित एक बैठक सम्पन्न हुई।कोहरे के दौरान सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु सड़कों पर गड्ढों के मरम्मत का कार्य, डिवाइडर की मरम्मत एवं मानक के अनुसार रंग रोगन, रोड सर्फ़िंग मार्किंग गतिरोधक, जेब्रा क्रॉसिंग इत्यादि पर पेंटिंग का कार्य, रेडियम स्टीकर, नव निर्माण रोडों पर बैरिकेडिंग इत्यादि का कार्य किए जाने के संबंध में पी0डब्ल्यू0डी0 के अधिकारियों को निर्देश दिये।प्रमुख सड़कों मार्गो एंव मोहल्लों में स्थापित प्रकाश बिंदुओं को तत्काल ठीक कराए जाने के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये।समस्त वाहनों पर नारंगी रंग का चेतावनी स्टीकर (रेडियम) लगवाए जाने हेतु, यातायात के नियमों का पालन किए जाने के संबंध में। सड़क किनारे पर सोते हुए व्यक्तियों को कंबल वितरण और उन्हें रैन बसेरों में सुरक्षित ले जाने के संबध में आर0टी0ओ0 के अधिकारियों को निर्देश दिये।महत्वपूर्ण स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाना एवं उसकी पोर्टल पर प्रतिदिन फोटो सहित फीडिंग किए जाने के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।जनपद में निराश्रित, असहाय एवं कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर से बचाने हेतु कम्बल का वितरण किया जाना एवं वितरण उपरांत प्रत्येक व्यक्ति का डाटा फोटो सहित 'राहत पोर्टल' पर फ़ीड किया जाने के निर्देश दिए।रैन बसेरों की साफ- सफाई एवं आवश्यक संसाधनों के साथ-साथ शौचालय, विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, पेयजल, कम्बल, चादर, तकिया, गद्दा, आदि अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाए।समस्त रैन बसेरों में नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाना एवं प्रत्येक कर्मचारी के नंबर रैन बसेरा गेट पर चस्पा किया जाए।ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव जलाए जाने के उपरांत अलाव को ठीक ढंग से बुझाये जाने के संबंध में लोगों को जागरुक किया जाए।

गौशालाओं को चिन्हित करके पशुओं के लिए अलाव एवं आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कर सूचना प्रेषित करना। पशुओं में निमोनिया डायरिया इत्यादि तथा टीकाकरण न होने के कारण खुरपका, मुंहपका आदि बीमारी होने की संभावना बनी रहती है। पशुओं को सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण का कार्य नियमित रूप से किए जाने के संबंध में एवं दवाइयां का भंडारण सुनिश्चित किए जाने के संबंध में निर्देश दिए।जनपद के समस्त विद्यालयों में शिक्षकों के माध्यम से ठंड से बचाव तथा खान-पान के बारे में प्रशिक्षित व जागरुक किये जाने के संबंध में। बच्चों को सड़क दुर्घटना एवं यातायात के नियमों के संबंध में भी जागरूक किया जाए ।घने कोहरे के कारण घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं एवं घायल व्यक्तियों के त्वरित बचाव एवं उपचार हेतु आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित किया जाना जिसमें जिला एंव ब्लॉक स्तर पर स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों एवं निजी चिकित्सालयों में बेड आरक्षित करने एवं दवाइयों के भंडारण किए जाने के संबंध में निर्देश दिए।लेबर चौराहों का निरीक्षण किया जाना तथा निराश्रित, असहाय, कमजोर और गरीब व्यक्तियों को तहसीलदारों के माध्यम से कम्बल वितरित किया जाए।

गांव एवं नगरीय क्षेत्र में निराश्रित, असहाय एवं कमजोर गरीब व्यक्तियों को चिन्हित करके तहसीलदारों के माध्यम से कम्बल का वितरित किया जाए। बैठक में समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट, जुगबीर सिंह आपदा विशेषज्ञ सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओ का एक प्रतिनिधिमंडल पहुंचा पुलिस कमिश्नर कार्यालय

बीपीएस न्यूज

कानपुर।अधिवक्ताओ का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचा जहां पर उपस्थित ए डी सी पी अमिता सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए पं रवीन्द शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने बताया कि युवा अधिवक्ता श्रीवर्धन ने अपनी शादी व तिलक हेतु रुद्र शुभकामना सोसाइटी अमिलिहा चौबेपुर का कम्युनिटी हाल पैसा देकर बुक कराया था किंतु वहीं के संजय सिंह अखिल श्रीवास्तव मनोज गुप्ता रणजीत सिंहा सचिन मिश्रा ने यह जानने पर कि प्रार्थी चमार जाति का है चमारों का कार्यक्रम नहीं होगा कहकर ताला डाल दिया। वर्धन के पिता द्वारा ताला खोलने की कहने पर धमकाया गया और कहा गया यहां चमारों का कार्यक्रम नहीं होगा। ये संविधान विरोधी कार्य होने और समाज में भेदभाव उत्पन्न करने के साथ ही संविधान की मूल भावना के विपरीत होने के साथ गंभीर अपराध है।प्रार्थना पत्र प्राप्त कर ए डी सी पी अमिता सिंह ने तत्काल ए सी पी बिल्हौर को फोनकर थाना चौबेपुर में रिपोर्ट दर्ज करा कार्यक्रम हेतु ताला खुलवाने का आदेश किया ।प्रमुख रूप से राम बहल विद्यार्थी नरेंद्र यादव अरविंद दीक्षित बी एल गुप्ता संजीव कपूर तौहीद रियाजुरहमान मो सैफ आयुष अग्रवाल कुलदीप श्रीवास्तव गर्वित सूरज शिवम गंगवार आदि रहे।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने धरना देकर मनाया काला दिवस

## मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

## मुख्य सेविका व लेखपाल पद के चलन क्रिया वाले अभ्यर्थियों को नौकरी देने की मांग




कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने दिव्यांग महागठबन्धन के आवाहन पर विश्व दिव्यांग दिवस पर काला दिवस मनाते हुए शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि 11 माह से ईको गार्डेन लखनऊ में दिव्यांग कोटे के अस्थि दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन मुख्य सेविका पद व लेखपाल पद के अभ्यर्थियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। सरकार उनको विज्ञापन जारी करने के बाद नौकरी नहीं दे रही है।ऐसे में जब सरकार दिव्यांगजन को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी, दिव्यांग पेंशन पांच हजार रूपया नहीं दे सकती तो विश्व दिव्यांग दिवस मनाना बेमानी है। 14 सूत्री मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया। वीरेन्द्र कुमार ने चेतावनी दी कि दिव्यांगजन को नौकरी दिलाने के लिये 6 दिसम्बर को ईको गार्डेन लखनऊ में बैठक कर सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की जायेगी। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, गुड्डी दीक्षित, राम आसरे पाण्डेय, मनोज त्यागी, महेश साहु, वैभव दीक्षित, गोमती, याशमीन, आशीष कुमार, सरला, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित शामिल थे।

# अमिताभ बाजपेई विधानसभा में उठायेगे दिव्यांग कोटे की मुख्य सेविका व चयनित लेखपालों का मामला

बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज दिव्यांग कोटे की अस्थि दिव्यांगता वाले मुख्य सेविका व लेखपाल पद के चयनित दिव्यांगों को नियुक्ति से वंचित करने का मामला विधानसभा में उठाने की मांग विधायक अमिताभ बाजपेई से उनके काकादेव स्थित आवास पर ज्ञापन सौंप कर किया।

विधायक अमिताभ बाजपेई ने आस्वाशन दिया कि मामले को विधानसभा में उठा कर मुख्य सेविका व लेखपाल पद के अस्थि दिव्यांगा वाले अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने का प्रयास करूंगा। उन्होने दिव्यांगजन को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ, शिक्षा, सुरक्षा की सौ फीसदी गारन्टी, दिव्यांग पेंशन पांच हजार रूपया करने का मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजने का आस्वाशन भी दिया।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकार अगर चलन क्रिया वाले मुख्य सेविका व लेखपाल पद के अभ्यर्थियों को नौकरी नहीं देती है तो उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय व विधानसभा का घेराव दिव्यांग महागठबन्धन व राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी करेगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन का सरकारी नौकरियों में आरक्षण कोटा पूरा किया जाए, दिव्यांग व्यक्तियों का निशुल्क इलाज किया जाए, दूसरे प्रदेशों की तरह दिव्यांगों की पेंशन 5000 की जाए, दिव्यांग जनों को पुलिस उत्पीड़न से मुक्त कराया जाए, दिव्यांग अधिनियम 2016 लागू किया जाए, गरीब दिव्यांग जनों को शहर एवं ग्रामीण में सरकारी आवास उपलब्ध कराए जाएं, आर्थिक रूप से गरीब दिव्यांग जनों को अंत्योदय योजना का लाभ दिया जाय। कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, प्रदेश प्रवक्ता अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, रवी भूषण ( वाराणसी), अंजली कुमारी ( अम्बेदकर नगर ), राजेश मौर्या ( मऊ ) , ओंमकार, कौशल गौड़ , नगेन्द्र कुशवाहा, अनुराधा, गोमती, याशमीन, आशीष कुमार, सरला, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित शामिल थे।

# कानपुर उद्योग व्यापार मंडल कोर कमेटी की तिलक नगर में हुई बैठक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष सुनील बजाज की अध्यक्षता मे तिलक नगर मे हुई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने बैट के समय की जारी नोटिस का निस्तारण नहीं किया जा रहा है जिस व्यापारी परेशान है तथा द्द्यह्ल में भी व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, इसके संबंध में जीएसटी कमिश्नर लखनऊ से मिलकर समस्याओं का हल होंगा कानपुर ही नहीं पूरे प्रदेश के व्यापारियों के उत्पादन इकाई के अंदर भय का माहौल है।हर इकाई के बाहर जीएसटी विभाग द्वारा निगरानी के लिए गाड़ियां खड़ी कर दी गई है इन समस्याओं के संबंध में प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके जल्दी एक आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। मणिकांत जैन ने डीसीपी ट्रैफिक से मिलकर शहर के यातायात को सुधारने के लिए वार्ता करने की बात की। जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने कानपुर महानगर में सरकारी विभागों द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, इसके संबंध में जल्दी एक बैठक कर आंदोलन की रणनीति की जाएगी। महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदीने कहा की फूड डिपार्मेंट जीएसटी विभाग के अधिकारी मनमानी कर रहे हैं तथा व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। बैठक में प्रमुख रूप से रामेश्वर गुप्ता, लाला भैया, मणिकांत जैन, सुनील बजाज, गीता गुप्ता, राकेश सिंह, दीप अवस्थी, संत मिश्रा, प्रदीप गुप्ता, संजू पांडे, राहुल दीक्षित, सुनील पांडे, कृपा शंकर त्रिवेदी आदि लोग रहे।

# सामाजिक सुरक्षा, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ गरीबों, मजदूरों, कामगारों को रहने के लिए छत उपलब्ध कराना केंद्र और राज्य सरकार की नैतिक जिम्मेदारी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय मजदूर कॉंग्रेस (इंटक) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को कटहरी बाग कैंट स्थित आईएनडीडब्ल्यूएफ के कार्यालय में इंटक के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां इंटक नगर अध्यक्ष सिद्धनाथ तिवारी, किला मजदूर यूनियन, एमईएस राष्ट्रीय कर्मचारी यूनियन,इंटक प्रदेश महामंत्री एच.एन.तिवारी सहित सभी ने अशोक सिंह जी को माला पहनाकर व बुके भेंटकर और शाल ओढ़ाकर उनका जोरदार स्वागत व अभिवादन किया। बैठक में कई प्रस्ताव पास किए गए और पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार किया गया। जिसमें बोलते हुए अशोक सिंह ने प्रमुख मुद्दों का का जिक्र करते हुए केंद्र और राज्य की श्रम और मजदूर विरोधी नीति पर हमला बोला। उन्होंने देश के हर गरीब किसान,मजदूर, कामगार, नौजवानों,बेरोजगारों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि समाज के इन सभी वर्गों को सामाजिक सुरक्षा, बेहतर स्वास्थ्य तथा शिक्षा,रोजगार से लेकर सभी को रहने के लिए छत की व्यवस्था करवाना केंद्र और राज्य सरकार की नैतिक जिम्मेवारी है। किंतु दोनों ही सरकारें अपने इस दायित्व का निर्वाहन नहीं कर रही हैं।उन्होंने प्रस्ताव के तहत वर्तमान महंगाई को देखते हुए मनरेगा वर्कर्स की मजदूरी बढ़ाए जाने, चीनी उद्योग के कामगारों के वेतन पुनरीक्षण, उत्तर प्रदेश विद्युत, टेक्सटाइल, आउटसोर्सिंग, आंगनबाड़ी, रोडवेज, कांच चूडी ,आशा वर्कर, सीमेंट, संविदा कर्मी, रसोइया, शुगर, होटल, इंजीनियरिंग, स्कीम वर्कर, सीमेंट उद्योग आदि के कामगारों के उत्पीड़न को रोकने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए रणनीति बनाने के साथ समान कार्य के लिए समान वेतन दिए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर मे मंडल स्तर पर, क्रमानुसार किसानों,मजदूरों, खेतिहर श्रमिकों के न्यायोचित अधिकारों के लिए संघर्ष करने पर जोर दिया। अशोक सिंह ने केंद्र और राज्य की नीतियों को पूरी तरह से मजदूर,किसान और कर्मचारी विरोधी बताते हुए कहा कि जिस तरह से केंद्र और राज्य सरकार सभी सरकारी संस्थानों और कारखानों का निजीकरण और निगमीकरण कर रही है। उससे उनकी मंशा साफ़ तरह से जाहिर होती है कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सभी सरकारी संस्थाओं और कारखानों को पूंजीपतियों को सौंपना चाहती है।जिससे देश से मजदूरों, कामगारों का अस्तित्व समाप्त किया जा सके।केंद्र सरकार की यूपीएस स्कीम को भी उन्होंने पूरी तरह से छलावा बताया और कहा कि केवल ओपीएस ही लेकर रहेंगे।अंत में उन्होंने सभी से पूरी ताकत के साथ संगठन की संख्या बढ़ाकर संघर्ष का आह्वान किया। बैठक मे मुख्य रूप से प्रदेश इंटक के महामंत्री एच.एन.तिवारी, उपाध्यक्ष पी. एस बाजपेई, नगर अध्यक्ष सिद्धनाथ तिवारी,प्रदेश अध्यक्ष युवा इंटक आशुतोष तिवारी, उमेश शुक्ला,किला मजदूर यूनियन के अध्यक्ष महेंद्र नाथ, महामंत्री समीर बाजपेई, जेसीएम चतुर्थ नीरज सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, नरेश तिवारी, सयुंक्त मंत्री संजय गुप्ता, प्रचार मंत्री विजय पाल,राकेश द्विवेदी, संगठन मंत्री मोहम्मद अजीम,जी.डी.शर्मा, विनोद तिवारी, राकेश कुमार,नितिन पाण्डेय, सुरेंद्र कुमार, रतन कुमार आदि बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डोली यात्रा से जगन्नाथ स्वामी दाऊ संग मां सुभद्रा नगर भ्रमण पर निकले

बीपीएस न्यूज

कानपुर। श्री गोपाल जी मंडल परिवार की ओर से रविवार को भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलराम व मां सुभद्रा की डोली यात्रा निकाली गई। धनकुट्टी स्थित ओमर वैश्य पुस्तकालय से शुरू हुई डोली यात्रा कलक्टरगंज, शक्करपट्टी, नयागंज, बिरहाना रोड, फूलबाग चौराहा होते हुए कैंट स्थित उत्सव गेस्ट हाउस पर समाप्त हुई। यहां पहुंचने पर ठाकुर जी का भात प्रसाद वितरित किया गया।

डोली यात्रा में मंडल के सदस्यों ने वाद्य प्रदर्शन भी किया। मंडल व बाल मंडल के सभी सदस्य हरा कुर्ता , सफेद पैजामा या सफेद धोती पहन कर पहुंचे थे। सबसे आगे बैंड-बाजे व भजन कीर्तन मंडली चल रही थी। इसक पीछे भगवान बांके लाल की झांकी, श्री गोपाल जी मंडल परिवार के सदस्य पारंपारिक वेषभूषा में हरिनाम कीर्तन के साथ वाद्य यंत्र बजाते चल रहे थे। इसके पीछे महिला मंडल की सदस्य राधाकृष्ण के मनमोहक स्वरूपों में डांडिया करते चल रही थी। भगवान जगन्नाथ, दाऊ बलराम व मां सुभद्रा साज-



सज्जा के साथ अलग-अलग रथ पर विराजमान थे। डोलियों का शिखर जगन्नाथपुरी की तरह था। डोली यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। साथ ही, भक्तों ने आरती उतारकर प्रसाद भी बांटा। कैंट स्थित उत्सव गेस्ट हाउस पहुंचकर डोली यात्रा समाप्त हुई। यहां मंच पर तीनों भगवान को विराजित कर उनकी आरती उतारी गई। इसके बाद भगवान को भात प्रसाद को भोग लगाया गया। मंडल के उपाध्यक्ष संतोष कुमार के परिवार की ओर से पान दरीबा व रोहित गुप्ता के परिवार की ओर से भक्तों के लिए भात प्रसाद की व्यवस्था की गई।

## श्रीमद् भागवत कथा में रोज उमड़ रही है भक्तों की भीड़




कानपुर। एनएलसी बाबू पुरवा के ईस्ट जोन पार्क में श्रीमद् भागवत कथा 7 दिसंबर से हो रही है। जिसका समापन 13 दिसंबर शुक्रवार को होगा। 6 दिसंबर को पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। श्रीमद् भागवत कथा पंडित शैलेंद्र जी महाराज व सहायक व्यास पंडित सानंद मिश्र कानपुर के द्वारा की जा रही है। जिसे सुनने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। श्रीमद् भागवत कथा मोहनी अवस्थी द्वारा कराई जा रही है। भागवत कथा कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेन्द्र मोहन तिवारी, शैलेंद्र मोहन तिवारी उर्फ बबलू तिवारी, प्रेम सागर दुबे, राजलक्ष्मी दीक्षित, रेनू त्रिपाठी, पारुल निगम, मंजू सिंह, सुधा यादव, दिव्यांशु, प्रियांशु मिश्रा, डॉक्टर पारस, टोनी, विशाल, प्रिंस, अनु निगम, रानू, सनी सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

# विधायक एमएलसी, अध्यक्ष भौती मौरंग गिट्टी व्यापार मंडल के साथ देखी साबरमती रिपोर्ट



बीपीएस न्यूज

कानपुर। भाजपा से बिठूर विधानसभा के विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने बुधवार को मिराज सिनेमा गुरुदेव पैलेस में 2002 मे गुजरात मैं हुए गोधरा कांड पर आधारित फिल्म साबरमती रिपोर्ट्स फिल्म देखी। विधायक अभिजीत सिंह सांगा अपने समर्थकों के साथ 12ः30 का शो देखने पहुंचे ! भीड़ इतनी ज्यादा हो गई लोगों को बैठने की जगह भी नहीं मिली कुछ लोगों ने खड़े होकर ही फिल्म देखी ।वही प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी मानवेंद्र सिंह चौहान, पूर्व विधायक अजय कपूर पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला,अन्नू पंडित (अध्यक्ष) भौती मौरंग गिट्टी व्यापार मण्डल, पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता साथियों के साथ अजय यादव अज्जू द साबरमती रिपोर्ट्स फिल्म देखी, जो गोधरा कांड की दुखद घटना पर आधारित एक साहसिक और सच्चाई को उजागर करने वाली कहानी है। साबरमती रिपोर्ट फिल्म के माध्यम से इस घटना के सत्य को उजागर करने का निडर प्रयास किया गया है ।फिल्म निर्माण के साथ जुड़ी टीम और कलाकारों को हृदय से धन्यवाद।

# समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर की हुई मासिक बैठक संपन्न

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।शनिवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के पदाधिकारियों कार्यकारिणी सदस्यों विधानसभा अध्यक्षों फ्रंटल अध्यक्षो प्रकोष्ठ के अध्यक्षों 78 वार्डों के वार्ड अध्यक्षों पीडीए मिशन की युवा टीम के सदस्यों छात्र नेताओं अधिवक्ताओं की मासिक बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट में 4ः00 बजे आरंभ हुई।

मासिक बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता गढ़ तथा पीडीए मिशन की युवा टीम के 78 वार्डों में बढती गंदगी सड़कों पर गड्ढों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाओं में हो रहे हादसों से जनता में बढ़ती नाराजगी को लेकर पीडीए मिशन मलिन बस्तियों के निवासियों के द्वार जाएगी ।

जहां बुखार टीवी और अन्य रोगों से जनता पीड़ित है तथा पीने का पानी में बढती अशुद्धता के कारण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है जनता के द्वार जाकर स्थिति का.आकंलन कराकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रिपोर्ट भेजेगी !सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि सवा 4 लाख से ज्यादा लोग हाउस टैक्स नगर निगम को अदा करते हैं जहां करोड़ों की आय हो रही है लेकिन जनता के हितों पर खर्च न करके शहर की व्यवस्था को बर्बाद कर रही है।

मासिक बैठक में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू फैसल महमूद नंदलाल जयसवाल आनंद शुक्ला सत्यनारायण गहरवार परमवीर सिंह गंभीर साहेबे आलम सोनू हाजी एहसान खान फखरे आलम अंसारी अर्पित त्रिवेदी दीपक खोटे शादाब आलम अरमान खान मुमताज मंसूरी आसिफ कादरी संजय निषाद राजेंद्र जयसवाल रेखा यादव उमा देवी महिमा शर्मा राजेंद्र सोनकर शादाब खान सुनील यादव राजकुमार सागर सौरभ सिंह मोहतशिम हलीम पप्पी युसूफ मुकेश दीक्षित सूर्यांश जस्वेन्द्र प्रताप निषाद मुन्ने खा हरभजन यादव महेश यादव सलमान शेख मंसूरी राजेंद्र सोनकर हेमंत गुप्ता राजू पहलवान अंसारी गोपाल ठाकुर आनंद साहू मुन्ने खां कादिर खान चंदी गुप्ता आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## वसूलीबाज किन्नरों पर कार्यवाही की मांग , आक्रामक रूप धरे किन्नरों पर जिला प्रशासन कार्यवाही करे : किन्नर प्रमुख काजल किरन

कानपुर। किन्नर समाज की प्रमुख एवं प्रदेश अध्यक्ष काजल किरन ने नौबस्ता स्थित कार्यालय पर प्रेस वार्ता कर आरोप लगाते हुए कहा कि चकेरी में किन्नरों के बीच आपसी मारपीट की न्यायिक जांच जिला प्रशासन कराए तथा दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। प्रधान संघ की अध्यक्ष एवं किन्नर समाज की प्रमुख काजल किरन ने कानपुर कमिश्नरेट पुलिस से अपील करते हुए कहा कि वसूलीबाज एवं नशेबाज डांसर किन्नर बनकर सभ्य समाज के घरों में जाकर जबरन वसूली तथा सड़कों पर खुलेआम नशेबाजी कर किन्नर समाज को कलंकित कर रहे हैं। उन्होंने साफ लफ्जों में कहा कि चकेरी में किन्नर समाज की नीलम यादव ही गद्दी चलाती हैं। जो काफी अर्से से समाज के शुभ कार्यों में नेग मांगते है। किन्नर समाज का कार्य समाज के साथ रहकर अपना भरण पोषण करना है ना कि समाज को परेशान कर जबरन वसूली तथा मारपीट करना। उन्होंने सूबे के मुखिया से अपील करते हुए कहा कि वह किन्नर समाज का प्रदेश भर का नेतृत्व करती है तथा वह ब्राह्मण समाज में जन्मी है। ऐसे दुर्दांत और आक्रामक रूप धरे किन्नरों पर जिला प्रशासन खुलकर कार्यवाही करे। पूरा किन्नर समाज जिला प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ा है।

लखनऊ से आई किन्नर नेता संध्या किन्नर ने किन्नरों की हो रही पंचायत में खुलकर काजल किरन का समर्थन करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। काजल किरन के द्वारा हो रही किन्नर पंचायत में सभी किन्नरों ने वसूलीबाज किन्नरों पर कार्यवाही ना होने पर सड़को पर उतरने की बात कही। इस दौरान पीड़िता किन्नर नीलम यादव ने बताया कि विगत वर्षों से आरोपी क्षेत्र में वर्चस्व बनाए हुए है। आलम यह है कि उसकी दबंगई के कारण सभी दबे सहमे है। उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि चकेरी में हुए विवाद में सिर्फ मारपीट हुई है अन्य लगाए जा रहे आरोप निराधार है इस दौरान मुख्य रूप से लखनऊ से आई संध्या सुधा रुखसार उन्नाव से सायरा सपना कमल तानिया मिश्रा नवाबगंज से मीना तथा जूही लाजो नैना पूजा साबरा रीना नायक मुस्कान अनवरी रूपा मझावन प्रमिला सुनीता पायल प्रिया बबली पतारा रेखा मुन्नी निशा अनिता जालौन कोच से सलमा भेड़ सरोज बबली काजल ऐट से मल्लिका तथा आगरा के किन्नर गुरु रेखा उषा पूजा समेत काफी संख्या में किन्नर मौजूद रहे।

## एएमपी का नेशनल टैलेंट सर्च एग्जाम सम्पन्न हुआ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। देशभर में एएमपी के नेशनल टैलेंट सर्च परीक्षा सम्पन्न हुई। इस साल 85,000 बच्चे इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा को देशभर के 370 जिलों के 900 सेंटर पर कराया गया। कानपुर में 17 सेंटर बने थे, जिसमें 3150 बच्चों ने इस परीक्षा में भाग लिया। नेशनल टैलेंट सर्च परीक्षा में उत्तीर्ण हुए परीक्षार्थियों को नकद पुरस्कार के साथ कई प्रकार की स्कॉलरशिप भी दी जाएंगी। इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना है। इस परीक्षा के द्वारा बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न को जान पाते है, जो भविष्य में उनको देनी है, जैसे नीट, जेईई, क्लेट, यूपीएससी आदि। इस परीक्षा को सफलतापूर्वक कराने में एएमपी टीम, ऑब्जर्वर, वोलेंटियर, शिक्षण संस्थाओं और 17 परीक्षा केंद्र की अहम भूमिका रही। अकिन चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, किड्स दिल्ली पब्लिक स्कूल, एम0एच0एम0 पब्लिक स्कूल, अमीन गर्ल्स इंटर कॉलेज, एन0सी0 मेमोरियल स्कूल, न्यू एरा पब्लिक स्कूल, इक़बाल मेमोरियल स्कूल, आई0एम0जी स्कूल, एन0यू0 गर्ल्स इंटर कॉलेज, सन मैक्स पब्लिक स्कूल, डीटीएस आईटीआई, सक्सेज़ पब्लिक स्कूल, वेस्टन पब्लिक स्कूल, अल-ग़ज़ाली अकैडमी, मरियम पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज पब्लिक स्कूल और सिटी प्राइड पब्लिक स्कूल इस परीक्षा के केंद्र रहे।

## दिव्यांगों की लड़ाई एकजुट होकर होगी कामयाब

कानपुर। दिव्यांग जागरूकता सेवा समिति अंबेडकरापुरम कल्याणपुर कानपुर नगर अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि दिव्यांगों लड़ाई एकजुट होकर कामयाब होगी। अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि दिव्यांगों समाज की लड़ाई जो जो दिव्यांग साथ आना चाहते हैं वह हर रविवार को 11 से दो मिलेंगे दिव्यांग जगत अध्यक्ष का हर दिव्यांग भाई बहनों के साथ हूं। अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि मैं मानव अधिकार से भी जुड़ा हूं। अध्यक्ष अफताब आलम ने कहा मैं भारतीय जनता पार्टी का सदस्य भी हूं। बैठक में भूपेश यादव, ईशा गुप्ता, किरण गुप्ता, गीता गुप्ता, ऐसा, ओमप्रकाश, सुंदर, अजमत हुसैन, जुबेर, आदित्य उपस्थित रहे।

# माकूंस इंटरनेशनल प्ले स्कूल का फीता काटकर किया गया शुभारंभ

कानपुर। काकादेव राम जानकी मंदिर स्थित माकूंस इंटरनेशनल प्ले स्कूल का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक नीलिमा कटियार ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया वही उन्होंने ने बताया कि बच्चों को मनमोहक प्रस्तुति देखकर बहुत अच्छा लगा है वही मुकुंस के पूरे सिस्टम की तारीफ कर सभी नन्हें मुन्ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करी। वही डायरेक्ट ऐश्वर्य अदलखा ने बताया कि हमें बच्चों को किताबी ज्ञान नहीं देना है आपको बता दें कि माकूंस अब 18 राज्यों और 4 देशों में 250 से अधिक प्ले स्कूलों के एक बड़े परिवार में विकसित हो चुके हैं। उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण और प्रतिबद्धता ने हमें शिक्षा के क्षेत्र में 30 से अधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार दिलाए हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का पालन करते हुए और ऐसीएमईएस के सिद्धांतों को शामिल करते हुए, हमारा पाठ्यक्रम बच्चे की संज्ञानात्मक, संवेदी, तार्किक और ध्वन्यात्मक क्षमताओं के पोषण पर केंद्रित है। माकूंस में हम समग्र




विकास को बढ़ावा देकर भविष्य को आकार देने में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। वही भावना अदलखा ने बताया कि जो भी पहले तीस बच्चे एडमिशन लेते है उनको 20त्न की छूट एवं मार्च तक जो भी अभिभावक बच्चे का एडमिशन करवाते है उनका एनुअल चार्ज व एडमिशन फीस नि:शुल्क रहेगी। वही डायरेक्टर कमल सिक्का ने बताया कि स्कूल में बच्चों के भी दिन भर का जो भी रूटीन होगा अभिभावक के मोबाइल पर भेज दिया जाएगा वहीं बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था का भी पूरा ध्यान रखा गया है वही इस अवसर पर डायरेक्टर कमल सिक्का, ऐश्वर्य अदलखा, भावना अदलखा, रंजना यादव, भावना भट्ट, निर्मला सिंह, नमिता सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर



नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)

बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941







बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।